Bigtest.in




# राजस्थान समसामयिकी

## Rajasthan Current Affairs Important Question

नमस्कार प्रिय पाठकों Bigtest.in आपको प्रोवाइड करवाता है डेली राजस्थान करंट अफेयर (Rajasthan Daily Current Affair ) जो कि हर दिन का अपडेटेड रहता है हम तारीख से तारीख पर काम करते हैं अगर आपको हम 1 जनवरी 2023 का करंट अफेयर दे रहे हैं तो हम आपसे 31 दिसंबर को होने वाले समसामयिक घटनाओं का विवरण ऑथेंटिक सोर्स से प्रोवाइड करवाते हैं

यह PDF आपको आने वाले कंपटीशन एग्जाम में राजस्थान में होने वाले सफलता प्रदान करेगी | इस करंट अफेयर में हमने जनवरी माह में स्वीकृत बजट, खेल परिदृश्य ,अवार्ड लिस्ट, चर्चित व्यक्ति एवं महत्वपूर्ण दिवसों का संकलन किया है अगर आपको हमारा प्रयास अच्छा लगे तो ज्यादा से ज्यादा शेयर करें और आप कंटिन्यू हमारी पोस्ट पढ़ने के लिए bigtest.in पर भी विजिट कर सकते हैं जिसका लिंक नीचे दिया गया - Visit for Daily Current Affairs Bigtest.in

December Month 2022 Rajasthan Current Affairs pdf in Hindi

November Month Current Affair Link Read Here – Bigtest.in

## राजस्थान समसामयिकी – 1 जनवरी 2023

### जल जीवन मिशन रैंकिंग में राजस्थान का देश में स्थान

- दिसंबर 2022 जल जीवन मिशन रैंकिंग में राजस्थान का देश में 30 वां स्थान है ।
- राजस्थान में सर्वाधिक जल कनेक्शन वाला जिला नागौर है ।
- राजस्थान में सबसे कम जल कनेक्शन वाला जिला जैसलमेर है ।
- **नोट** -

1. जल जीवन मिशन की शुरुआत जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 15 अगस्त 2019 की गई थी।
2. इस मिशन का लक्ष्य वर्ष 2024 तक 'कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन' (FHTC) के माध्यम से प्रत्येक ग्रामीण परिवार को प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति करना है।

### जयपुर के डॉक्टर नरेंद्र भूषण सिंह को "बेस्ट ऑफ द ईयर अवार्ड"

- श्री सत्यइंदिरा फाउंडेशन की ओर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जयपुर के पर्यावरणविद डॉक्टर नरेंद्र भूषण सिंह को **"बेस्ट ऑफ द ईयर अवार्ड"** से सम्मानित किया गया ।
- यह अवार्ड उन्हें पर्यावरण संरक्षण व समाजसेवा के कार्यो के लिए दिया गया ।
- श्री सत्यइंदिरा फाउंडेशन की संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष एस. स्मृति सारस्वत है ।

### मेज नदी पर राजस्थान का पहला सोलर लिफ्ट प्लांट

- बूंदी जिले की सबसे बड़ी - मेज नदी पर राजस्थान की पहली सोलर लिफ्ट सिंचाई परियोजना की शुरुआत दिसंबर 2017 में शुरू हुई थी।
- इस परियोजना का काम मई 2019 में पूरा होना था, भूमि अधिग्रहण में देरी के कारण यह काम वर्ष 2023 में पूरा किया जाएगा ।
- सोलर लिफ्ट सिंचाई परियोजना से 25 हजार बीघा भूमि सिंचित होगी ।
- पानी लिफ्टिंग के लिए 522 सौर ऊर्जा की प्लेटें लगेगी ।
- 167 किलोवाट के दो सोलर प्लांट बनाए जाएंगे ।
- इस परियोजना में 2 पंचायतों के 17 गांव को सम्मिलित किया गया है ।
- सोलर लिफ्ट सिंचाई परियोजना में किसानों को निशुल्क पानी उपलब्ध कराया जाएगा ।

BIGTEST.IN

- यह राजस्थान की पहली ऐसी परियोजना है जहां नदी से सोलर सिस्टम द्वारा किसानों को पानी मिलेगा और बिजली का उत्पादन भी होगा ।

## सुपर वुमन व सुपर हीरोज को इंडियन आर्मी ऑफिसियल ने किया सम्मानित

- पिंकसिटी में रियल सुपर वुमन एंड रियल सुपर हीरोज अवार्ड 2022 का आयोजन किया गया ।
- फॉरएवर स्टार इंडिया की ओर से पहली बार एफसिया अवार्ड 2022 का आयोजन भी किया गया ।
- इन अवॉड्र्स को इंडियन आर्मी ऑफिसियल और सुप्रीम कोर्ट एडवोकेट ने सम्मानित किया ।
- देश के विभिन्न राज्यों से आए 70 से अधिक लोगों को यह अवार्ड प्रदान किया गया ।

## एथलेटिक चैंपियनशिप में महेश द्विवेदी ने जीता गोल्ड मेडल

- राजस्थान यूनिवर्सिटी में आयोजित 43 वीं मास्टर स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप में महेश द्विवेदी ने गोल्ड मेडल जीता ।
- महेश द्विवेदी ने यह मेडल 35 से 40 Age केटेगरी में 5000, 1500 और 200 मीटर में हासिल किया ।

## राजस्थान समसामयिकी – 2 जनवरी 2023

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जयपुर में संविधान पार्क का उद्घाटन

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू **3 जनवरी** को जयपुर के राजभवन में बने संविधान पार्क का उद्घाटन करेंगी ।
- इसके बाद द्रोपति मुर्मू माउंट आबू के ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगी ।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 4 जनवरी को पाली के रोहट में राष्ट्रीय जंबूरी में शामिल होंगी ।
- द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति बनने के बाद 3 और 4 जनवरी को पहली बार राजस्थान दौरे पर आ रही है ।

## प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य मिशन योजना के तहत राजस्थान के 8 जिलों को 205 करोड़

- प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य संरचना मिशन योजना के तहत राजस्थान के 8 जिलों में क्रिटिकल केयर ब्लॉक के लिए 205 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है ।
- 8 जिलों के नाम - अजमेर, जोधपुर, उदयपुर, अलवर, दौसा, श्री गंगानगर, बांसवाड़ा और जयपुर |
- इस योजना के तहत RHUS में सांस, ब्रेन स्ट्रोक, हेड इंजरी और हार्ट फैलियर मरीजों के लिए कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस जयपुर में 50 बेडड क्रिटिकल केयर ब्लॉक के लिए 23.75 करोड़ की राशि स्वीकृत की है ।

BIGTEST.IN

# January 2023 Rajasthan Current Affairs

## अंडर - 15 वुमन क्रिकेट - राजस्थान की लगातार तीसरी जीत

- राजस्थान अंडर - 15 वुमन क्रिकेट टीम की कप्तान अंशु सैनी है ।
- इस मैच में राजस्थान ने जम्मू कश्मीर को हराया है ।
- इससे पहले राजस्थान ने अरुणाचल प्रदेश और असम को हराया था।
- कप्तान अंशु सैनी के शानदार प्रदर्शन से राजस्थान ने अंडर - 15 वुमन क्रिकेट में लगातार तीसरी जीत हासिल की है ।

## पाली कलेक्टर द्वारा शुरू - "खेलो पाली अभियान"

- गांव की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहचान बनाने के लिए पाली जिले के कलेक्टर ने गांव में खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए "खेलो पाली अभियान" शुरू किया है ।
- पाली जिले की कलेक्टर नमित मेहता है।
- कलेक्टर नमित मेहता ने पाली जिले की सभी 341 ग्राम पंचायतों में खेल मैदान बनाने का आगाज किया है, अब तक 341 में से 300 ग्राम पंचायतों में स्टेडियम स्वीकृत हो गए हैं ।
- स्टेडियम में - 200 मीटर रनिंग ट्रेक, वॉलीबॉल एवं बास्केटबॉल कोर्ट, कबड्डी, खो-खो मैदान, क्रिकेट पिच, स्टेज व पवेलियन आदि खेलों को सुविधाएं मिलेगी ।

## जनजातीय क्षेत्र अत्याधुनिक छात्रावास के लिए 14.80 करोड़ रुपए की अतिरिक्त स्वीकृति

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने जनजातीय क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं के लिए 14.80 करोड़ रुपए की अतिरिक्त स्वीकृति प्रदान की है।
- इस बजट से छात्रावास कक्षा कक्षों का निर्माण सहित खेल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।

### राजसमंद में छात्रावास का निर्माण -

- राजसमंद के नाथूवास में 50 छात्र क्षमता के एक छात्रावास के निर्माण के लिए 2.80 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं ।
- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित 175 जनजाति छात्रावासों में सुविधाओं के लिए 3 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया गया है ।

### उदयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विद मॉडर्न फैसिलिटी के लिए सात मंजिला छात्रावास -

- उदयपुर चित्रकूट नगर में 120 छात्राओं के रहने के लिए सात मंजिला छात्रावास (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विद मॉडर्न फैसिलिटी) तैयार होगा ।
- जिनमें बॉस्केटबॉल, वॉलीबॉल, एरिना, जिम की सुविधा मिलेगी ।

**Note -**

BIGTEST.IN

## January 2023 Rajasthan Current Affairs

- मुख्यमंत्री गहलोत ने राज्य बजट वर्ष 2022-23 में 500 करोड़ रुपए के जनजातीय विकास कोष गठन की घोषणा की थी ।
- इस कोष में 200 करोड़ रुपए रोजगारोन्मुखी गतिविधियों एवं कृषि के लिए।
- 150 करोड़ रुपए शिक्षा एवं सामाजिक सुरक्षा के लिए।
- 150 करोड़ रुपए आधारभूत संरचना एवं जन सहभागिता से कराए जाने वाले कार्यो के लिए प्रस्तावित किए थे।

### अलवर जिला प्रशासन द्वारा संचालित "अभियान सेहत"

- अलवर जिला प्रशासन द्वारा नवाचार करते हुए बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए **21 नवंबर से** "अभियान सेहत" शुरू किया गया है ।
- इस अभियान के तहत जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों, राजकीय और निजी विद्यालयों के साथ ही स्कूल नहीं जाने वाले 18 वर्ष तक के बच्चों की स्वास्थ्य की जांच की जाती है ।
- बच्चों में कुपोषण, एनीमिया सहित अन्य बीमारियों की पहचान के लिए स्क्रीनिंग का काम मिशन मोड पर किया जाता है ।
- मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना के तहत बच्चों का निशुल्क इलाज कराया जाता है ।

## राजस्थान समसामयिकी – 3 जनवरी 2023

### राष्ट्रपति द्वारा बीकानेर सौर विद्युत परियोजना का वर्चुअल शिलान्यास

- द्रौपदी मुर्मू जयपुर में **3 जनवरी 2023 को** बीकानेर सौर विद्युत परियोजना (केंद्र के सतलुज जल विद्युत निगम व पावर ग्रिड कारपोरेशन ) का वर्चुअल लोकार्पण करेंगी ।
- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू हरित ऊर्जा संग भविष्य निर्माण के लिए बीकानेर सौर विद्युत परियोजना (1000 मेगावाट) का वर्चुअल लोकार्पण करेंगी ।

### 18 वीं राष्ट्रीय भारत स्काउट गाइड जंबूरी का उद्घाटन - राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा

- राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू **4 जनवरी 2023** को निंबली ब्राह्मणान गांव (रोहट, पाली) में 18 वीं राष्ट्रीय भारत स्काउट गाइड जंबूरी का उद्घाटन करेगी ।
- **Note -**
- 18 वीं राष्ट्रीय भारत स्काउट गाइड जंबूरी का डिजाइन पाली के निवासी आर्किटेक्ट "श्री सुंदर राठौड़" ने तैयार किया है ।
- राजस्थान में इससे पहले 23 से 31 दिसंबर 1956 में दूसरी राष्ट्रीय जंबूरी का आयोजन जयपुर में हुआ था ।
- राजस्थान में **66 साल बाद** 18 वीं राष्ट्रीय भारत स्काउट गाइड जंबूरी का आयोजन होगा ।

### मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के द्वारा एयरपोर्ट पर RVR इंस्ट्रूमेंट स्थापित

- हाल ही में मौसम विज्ञान केंद्र, जयपुर के द्वारा किशनगढ़ एयरपोर्ट तथा उदयपुर एयरपोर्ट पर **RVR** (Runway Visual Range) इंस्ट्रूमेंट स्थापित किया गया है ।

BIGTEST.IN

- RVR के सहयोग से पायलट उड़ान भरने और लैंड होने से पहले डिजिटल तरीके से रनवे की दृश्यता देख सकेंगे ।
- यह उपकरण फारवर्ड स्कैटरिंग के सिद्धांत पर काम करेगा, जिससे अचानक होने वाले परिवर्तनों की सटीक जानकारी मिलेगी ।
- फारवर्ड स्कैटरिंग सिद्धांत हवा में मौजूद जैसे - धूल, प्रदूषण, धुंआ, पानी की छोटी-छोटी बूंदों के कारण होने वाली कम रोशनी के आधार पर विजिबिलिटी को स्टिकता से मापता है ।

**Full form of RVR - Runway Visual Range**

## प्लैंक का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया - विजय जैन

- जयपुर निवासी विजय जैन ने 7 घंटे लगातार प्लैंक करके राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया है ।

## जोधपुर में जी - 20 रोजगार कार्य की बैठक

- जोधपुर में जी - 20 रोजगार कार्य की बैठक 2 से 4 फरवरी 2023 तक आयोजित होगी ।
- नोट - उदयपुर में जी-20 शेरपा बैठक का आयोजन हुआ था ।

### राजस्थान समसामयिकी – 4 जनवरी 2023

## दुनिया में सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन में तैनात - कैप्टन शिवा चौहान

- राजस्थान की कैप्टन शिवा चौहान **सियाचिन** में तैनात होने वाली पहली महिला हैं।
- **उदयपुर** निवासी कैप्टन शिवा चौहान 15,632 फीट की ऊंचाई पर मौजूद कुमार पोस्ट पर तैनात है।
- शिवा चौहान बंगाल सैपर ऑफिसर है।

## प्राइज ऑफ राजस्थान अवार्ड - राज बंसल

- 1 से 5 फरवरी तक आयोजित होने वाले राजस्थान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (रिफ) में **जयपुर** के फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर राज बंसल को "प्राइज ऑफ राजस्थान अवार्ड" से सम्मानित किया जाएगा ।

## "आदर्श तहसील निर्माण" का आयोजन - 8 से 10 फरवरी

- राज्य सरकार के राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली एवं सेवाओं को अधिक बेहतर बनाने के लिए राजस्व मंडल 8 से 10 फरवरी तक "आदर्श तहसील निर्माण" कार्यशाला आयोजित करेगा ।
- यह तीन दिवसीय कार्यशाला अजमेर में आयोजित होगी ।
- राजस्व मंडल के अध्यक्ष श्री राजेश्वर सिंह के अनुसार, इस नवाचारी पहल के तहत प्रत्येक जिले से कलेक्टर के स्तर पर एक श्रेष्ठ **तहसीलदार** को कार्यशाला के लिए नामित किया जाएगा ।
- तहसीलदारों की ओर से अपने स्तर पर तहसीलों की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाने के संबंध में प्रस्तुतीकरण देंगे।

## जोधपुर में संभाग स्तरीय अमृता हॉट का आयोजन

- राजस्थान में कार्यरत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी एवं उनके उत्पादों की बिक्री तथा मार्केटिंग को बढ़ाने के लिए संभाग स्तर पर "सात दिवसीय सप्तम अमृता हाट" का आयोजन 1 से 7 फरवरी तक "पाली रोड स्थित अर्बन हॉट परिसर" में होगा ।

BIGTEST.IN

January 2023 Rajasthan Current Affairs

## 63 वें वार्षिक कांफ्रेंस आईएसजीकॉन 2023

- इंडियन सोसायटी ऑफ गेस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट की ओर से जयपुर में सीतापुरा स्थित जेसीसी में 63 वें वार्षिक कांफ्रेंस आईएसजीकॉन 2023 का आयोजन 5 से 8 जनवरी 2023 तक होगा।
- इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में देश-विदेश से 3000 से अधिक एक्सपर्ट भाग लेने जा रहे हैं।
- कांफ्रेंस के उद्घाटन समारोह में बॉलीवुड के **महानायक अमिताभ बच्चन चीफ गेस्ट** होंगे।

## राजस्थान समसामयिकी – 5 जनवरी 2023

### राजस्थान बेघर उत्थान एवं पुनर्वास नीति-2022 लागू

- 3 जनवरी, 2023 को "राजस्थान बेघर उत्थान एवं पुनर्वास नीति-2022" लागू हो गई है ।
- राजस्थान के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने जयपुर स्थित शासन सचिवालय में हुई बैठक में 'राजस्थान बेघर उत्थान एवं पुनर्वास नीति-2022' लागू की है ।
- इस नीति के तहत प्रथम चरण में बेघर व्यक्तियों का सर्वे और चिन्हीकरण किया जाएगा।

### राजस्थान बेघर उत्थान एवं पुनर्वास नीति - 2022 का उद्देश्य

- इस नीति के तहत बेघरों को 50 वर्ग फीट प्रति व्यक्ति की न्यूनतम जगह के साथ छत उपलब्ध करवाना ।
- विशेष श्रेणी के लोगों को समुचित निजता एवं सुरक्षा उपलब्ध करवाना ।
- पेयजल, चिकित्सा सुविधा, शिक्षा, सुरक्षा आदि मूलभूत आवश्यकताएं उपलब्ध करवाना ।
- बेघर लोगों के लिए शेल्टर होम (आश्रय स्थल) संचालन करवाना ।
- पात्र लोगों को शिक्षा, कौशल एवं रोजगार उपलब्ध करवाकर सशक्त बनाना ।

### "नवजीवन योजना" पोर्टल व ऑनलाइन रैंकिंग डैशबोर्ड का शुभारंभ

- 3 जनवरी, 2023 को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री टीकाराम जूली ने "नवजीवन योजना" के पोर्टल तथा विभाग के अधिकारियों के लिए ऑनलाइन रैंकिंग डैशबोर्ड का शुभारंभ किया ।

### इंडिया स्किल्स रिपोर्ट - 2023

- इंडिया स्किल्स रिपोर्ट - 2023 के मुताबिक राजस्थान रोज़गार की योग्यता में देश में 5 वें नंबर पर है ।
- राजस्थानी महिलाएं रोजगार की योग्यता में देश में टॉप पर है ।
- इंडिया स्किल्स रिपोर्ट 2023 के मुताबिक राजस्थान में 22 से 25 साल आयु वर्ग वाले 56% युवाओं में नौकरी पाने की काबिलियत है, जो सभी आयु वर्गों में सबसे ज्यादा है ।
- राजस्थान के रोजगार योग्य लोगों में महिलाएं 54% (सर्वाधिक) और पुरुष 46% (सबसे कम) है ।
- राजस्थानी महिलाएं रोजगार की योग्यता में सातवें साल भी जॉब की काबिलियत में पुरुषों से आगे रही । 52.8% महिलाओं को जॉब योग्य पाया गया, लेकिन पुरुष 47.2 % ही मिले हैं ।

BIGTEST.IN

## January 2023 Rajasthan Current Affairs

### एंब्रियो ट्रांसफर टेक्नोलॉजी - राजस्थान में पहली बार

- राजस्थान सरकार द्वारा जनवरी 2023 में राज्य में पहली बार **एंब्रियो ट्रांसफर टेक्नोलॉजी (भ्रूण स्थानांतरण तकनीक)** **पाली** जिले में शुरू की जाएगी ।
- Ambriyo Transfer Teconology - भ्रूण स्थानांतरण तकनीक

## राजस्थान समसामयिकी – 6 जनवरी 2023

### डूंगरपुर जिले में - "मिशन पालनहार" का शुभारंभ

- "मिशन पालनहार" 5 जनवरी 2023 से 4 फरवरी 2023 तक चलेगा ।
- डूंगरपुर जिला कलेक्टर श्री लक्ष्मी नारायण मंत्री हैं ।
- राज्य सरकार की पालनहार योजना से वंचित लोगों को जोड़ने के लिए डूंगरपुर जिला प्रशासन द्वारा मिशन पालनहार शुरू किया गया ।
- इसके तहत विद्यालयों , आंगनबाड़ी और मां बाड़ी केंद्रों पर सर्वे किया जाएगा व पात्र बच्चों को पालनहार योजना से जोड़ा जाएगा ।
- प्रथम चरण 20 दिन तक चलेगा जिसमें सर्वे कर पात्र बच्चों को चीन्हीकरण किया जाएगा ।
- द्वितीय चरण 23 जनवरी से 4 फरवरी तक चलेगा ।
- इसमें पात्रों को योजना से जोड़ने के लिए सर्वे के दौरान सभी दस्तावेजों के माध्यम से ई मित्र के माध्यम से आवेदन करवाया जाएगा ।
- नोट -
- पालनहार योजना के अंतर्गत जरूरतमंद बच्चों की देखभाल और शिक्षा के लिए उसके निकटतम रिश्तेदार या परिचित को पालनहार बनाया जाता है ।
- बच्चों के साथ ही पालनहार को भी आर्थिक सहायता दी जाती है ।

### पेंशन योजनाओं में वार्षिक सत्यापन के लिए मोबाइल ऐप का शुभारंभ

- सामाजिक न्याय एंव अधिकारिता विभाग द्वारा 26 जनवरी 2023 को पेंशन योजनाओं में वार्षिक सत्यापन के लिए मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया जाएगा ।

### 18 वीं राष्ट्रीय जंबूरी में - प्लेसरा आर्ट गैलरी मुख्य आकर्षण

- नागौर जिले के आर्टिस्ट प्रेमचंद सांखला की ओर से लगाई गई " प्लेसरा आर्ट गैलरी" लोगों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी।
- इस गैलरी में कुल 23 पेंटिंग प्रदर्शित की गई जिसमें गोबर पर बनी मांगना पेंटिंग्स के साथ एक्रेलिक और चारकोल से बनी हुई पेंटिंग्स थी।
- गोबर बेस पर बनी हुई पेंटिंग में आगमन लिपती ग्रामीण महिला, ऊंट की सवारी करता गबरू जवान, पणिहारी, ऊंट का कारवा सहित ग्रामीण जीवन पर अनेक पेंटिंग बनी हुई थी।

### राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2023

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा "राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2023" का शुभारंभ जोधपुर में 6 जनवरी 2023 को किया जाएगा ।
- यह उत्सव 15 जनवरी 2023 तक चलेगा ।

BIGTEST.IN

- इसमें कुल 700 स्टाल लगाई जाएगी ।
- राजस्थान उद्योग हस्तशिल्प उत्सव 2023 में मेहरानगढ़ एवं घंटाघर के हुबहू विशाल मॉडल भी बनाए गए हैं ।

### पायलट प्रोजेक्ट - हेल्थ पासपोर्ट

- QR कोड से पता लगेगी बीमारी - बनेगा हेल्थ पासपोर्ट ।
- QR कोड स्कैन करते ही बीपी व शुगर मरीजों की डिटेल मिलेगी ।
- चिकित्सा विभाग और विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से बीपी व शुगर के मरीजों की लगातार मॉनिटरिंग के लिए एनसीडी पासपोर्ट बनाएगा । यह एक तरह से मरीज का "हेल्थ पासपोर्ट" होगा ।

### भरतपुर नगर निगम BSE में लिस्ट होने वाला प्रदेश का पहला नगर निगम

- भरतपुर नगर निगम राजस्थान का पहला नगर निगम है जिसने नगर निगम बांड जारी किए हैं।
- जो कि बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में लिस्ट होगा।
- ड्रेनेज प्रोजेक्ट और ऑफिस के लिए रकम जुटाने के लिए भरतपुर नगर निगम को बीएसई स्टॉक एक्सचेंज ( BSE ) में लिस्ट किया जाएगा।
- निगम ने दिल्ली की AK Capitals को मर्चेंट बैंकर नियुक्त किया है।
- नगर निगम 100 से 200 करोड़ रुपए तक के बांड जारी करेगा।
- भरतपुर नगर निगम के मेयर अभिजीत कुमार हैं।

## राजस्थान समसामयिकी – 7 जनवरी 2023

### उदयपुर में - राज्य स्तरीय जनजाति खेलकूद प्रतियोगिता 2023 का शुभारंभ

- 5 जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उदयपुर जिले में राज्य स्तरीय जनजाति खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ की घोषणा की।
- इससे पहले जयपुर और जोधपुर में खेल विद्यालय खोले गए थे, और तीसरा खेल विद्यालय उदयपुर में खोला जाएगा ।
- जनजातीय क्षेत्रीय विकास राज्यमंत्री श्री अर्जुन बामनिया है ।

### सीबीएसई क्लस्टर नेशनल लेवल ताइक्वांडो चैंपियनशिप

- प्रताप नगर स्थित रावत पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई क्लस्टर के नेशनल लेवल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीते हैं ।
- महफूज खान ने अंडर -19 की 54 किलो भार वर्ग और पार्थ सतीश धाकड़ ने अंडर - 17 की 48 किलो भार वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता ।
- एमपीएस इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा 11 की छात्रा काशवी बडाया ने सीबीएसई नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप में अंडर-17 में सिल्वर मेडल जीता ।
- काशवी बडाया ने वेस्ट जोन ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर नेशनल्स के लिए क्वालीफाई किया था

BIGTEST.IN

## January 2023 Rajasthan Current Affairs

### 15 वां जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल

- 6 जनवरी 2023 को महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में 15 वें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया ।
- इस फेस्टिवल में 13 श्रेणियों में 80 फिल्मों को 122 अवार्ड दिए गए ।
- मलयाली फिल्म "एवेनोविलोना" को - "सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म इंडियन पैनोरमा गोल्डन कैमल अवार्ड"
- राजस्थानी फिल्म "नानेरा" को - "बेस्ट फीचर फिल्म फ्रॉम राजस्थान अवार्ड"
- फिल्म "मां का दूध" को - "सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री पिक्चर फिल्म अवार्ड"
- "लाचित द वॉरियर" के लिए - "बेस्ट शॉर्ट एनीमेशन और बेस्ट शॉर्ट डॉक्युमेंट्री फिल्म अवार्ड"
- "बिना फाटक की रेलवे लाइन" के लिए - "स्पेशल जूरी अवॉर्ड"

## राजस्थान समसामयिकी – 8 जनवरी 2023

### राजस्थान के 3 शहरों में 5 जी इंटरनेट सेवा का शुभारंभ

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने 7 जनवरी 2023 को जयपुर में भामाशाह टेक्नो हब से राजस्थान के 3 शहरों में 5 जी इंटरनेट सेवा का शुभारंभ किया ।
- रिलायंस जियो 5G की यह सेवा राजस्थान के जयपुर, जोधपुर तथा उदयपुर जिले में उपलब्ध होंगी।
- रिलायंस इंडस्ट्रीज के राजस्थान अध्यक्ष श्री उमेश भंडारी है ।
- 5G की यह सेवा जनवरी में कोटा जिले में और फरवरी में बीकानेर और अजमेर में भी शुरू हो जाएगी ।

### माही महोत्सव की शुरुआत - बांसवाड़ा

- बांसवाड़ा जिले में तीन दिवसीय "माही महोत्सव" की शुरुआत 7 जनवरी 2023 को की गई ।
- और इस महोत्सव का समापन 9 जनवरी 2023 को होगा ।
- बांसवाड़ा के जिला कलेक्टर प्रकाश चंद शर्मा है ।

### पहली महिला पायलट स्क्वॉड्रन लीडर - अवनी चतुर्वेदी

- जोधपुर निवासी अवनी चतुर्वेदी पहली महिला पायलट है, जो भारत व जापान की वायु सेनाओं के बीच संयुक्त युद्धाभ्यास "वीर गार्जियन" में भाग ले रही है।
- सुखोई - 30 की पहली महिला पायलट स्क्वॉड्रन लीडर अवनी चतुर्वेदी पहली बार विदेशी युद्धाभ्यास में भाग लेने वाली देश की पहली महिला पायलट है ।

### राजस्थान विश्वविद्यालय का - 32 वां दीक्षांत समारोह व 77 वां स्थापना दिवस

- राजस्थान विश्वविद्यालय का 32 वां दीक्षांत समारोह और 77 वां स्थापना दिवस 8 जनवरी 2023 को विश्वविद्यालय परिसर स्थित कन्वोकेशन सेंटर जयपुर में आयोजित होगा ।
- दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे ।
- इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री राजेंद्र सिंह यादव होंगे ।

BIGTEST.IN

## January 2023 Rajasthan Current Affairs

### "साहित्य कुसुमाकर सम्मान" - जयपुर की डॉ. आशा शर्मा को

- श्री नाथद्वारा में आयोजित दो दिवसीय "डॉ. भगवती प्रसाद देवपुरा समृति समारोह 2023" में जयपुर की वरिष्ठ साहित्यकार "डॉ. आशा शर्मा" को राष्ट्रीय भाषा के उन्नयन एवं हिंदी साहित्य के समर्थन में योगदान के लिए "साहित्य मंडल श्रीनाथद्वारा" ने "साहित्य कुसुमाकर सम्मान" प्रदान किया ।

### राजस्थान में जूनियर, सब - जूनियर पैरा एथलेटिक और पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता

- 7 जनवरी 2023 को राजस्थान में जूनियर, सब - जूनियर पैरा एथलेटिक और पैरा पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- पैरा पावरलिफ्टिंग की 61 - 66 की वेट केटेगरी में जयपुर की सुनीता धोबी ने गोल्ड मेडल जीता ।
- पैरा पावरलिफ्टिंग (पुरुषों) की 72 किलो वेट केटेगरी में जयपुर के राकेश कुमार ने गोल्ड मेडल जीता ।
- अलवर के भव्य सैनी 80 किलोग्राम में चैंपियन बने ।
- जोधपुर के मिलन कुमार ने 97 किलोग्राम और प्रकाश चौधरी ने 88 किलोग्राम वेट केटेगरी में स्वर्ण पदक जीता ।

### जोधपुर में डेयरी प्रौद्योगिकी तथा कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालयों के लिए 31 करोड़ रुपए स्वीकृत

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने जोधपुर में डेयरी प्रौद्योगिकी महाविद्यालय तथा कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के निर्माण के लिए 31 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है ।
- यह दोनों महाविद्यालय जोधपुर जिले की बावड़ी तहसील के सावतकुआं गांव में बनेंगे ।
- **नोट** -
- जोधपुर जिले के इन दोनों महाविद्यालयों का शिलान्यास 11 नवंबर को किया गया था ।

### सेवा प्रदायगी और जन अभियोग निराकरण में राजस्थान प्रथम

- जन अभियोग निराकरण विभाग के राज्यमंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वष 2022 के दौरान चलाए गए 'सुशासन सप्ताह- प्रशासन गाँवों की ओर' अभियान के दौरान संपूर्ण देश में जन अभियोग के 53 लाख 80 हज़ार प्रकरण निस्तारित किये गए, जिसमें से राजस्थान ने 23 लाख 36 हज़ार प्रकरण निस्तारित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।
- पूरे देश में वर्ष 2022 में अभियान के दौरान सेवा प्रदायगी (Service Delivery) के 310 लाख प्रकरण निस्तारित हुए, जिसमें से राजस्थान ने सेवा प्रदायगी के 149 लाख आवेदन निस्तारित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया

### सेवा प्रदायगी में राजस्थान के टॉप 3 जिले

1. अलवर ज़िला 16 लाख 45 हज़ार प्रकरण निस्तारित कर प्रथम स्थान पर ।
2. जयपुर 14 लाख 53 हज़ार प्रकरण निस्तारित कर द्वितीय स्थान पर ।
3. सीकर ज़िला 12 लाख 92 हज़ार प्रकरण निस्तारित कर तृतीय स्थान पर ।

BIGTEST.IN

### जन अभियोग निराकरण में राजस्थान के टॉप 3 जिले

1. जयपुर 2 लाख 62 हज़ार प्रकरण निस्तारित कर प्रथम स्थान पर ।
2. जोधपुर एक लाख 19 हज़ार प्रकरण निस्तारित कर द्वितीय स्थान पर ।
3. अलवर ज़िला एक लाख 17 हज़ार प्रकरण निस्तारित कर तृतीय स्थान पर ।

जन अभियोग = Public Grievances

सेवा प्रदायगी = Service Delivery

### जोधपुर जिले में बस ट्रक सड़क दुर्घटना के लिए स्वीकृत सहायता राशि

- 6 जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जोधपुर जिले में बस - ट्रक सड़क दुर्घटना में "मुख्यमंत्री सहायता कोष" से कुल 42 लाख रुपए की सहायता राशि प्रदान की है ।

## राजस्थान समसामयिकी – 9 जनवरी 2023

### राजस्थान विश्वविद्यालय के 32 वें दीक्षांत समारोह में स्टूडेंट्स को गोल्ड मेडल

- राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने 8 जनवरी 2023 को राजस्थान विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय भवन के सामने स्थित उद्यान में सविधान पार्क का शिलान्यास किया ।
- राजस्थान यूनिवर्सिटी के 32 वें दीक्षांत समारोह में भरतपुर निवासी मनीषा कुमारी ने तीन गोल्ड मेडल हासिल किए।

1. M.A. संस्कृत में राजस्थान यूनिवर्सिटी गोल्ड मेडल
2. चांसलर गोल्ड मेडल
3. सीता धर्मेंद्र गोल्ड मेडल

- इस समारोह में 117 स्टूडेंट्स को 123 गोल्ड मेडल वितरित किए गए । (जिसमें छात्राएं - 72%, और छात्र - 28%)
- और इस समारोह में 8 संकाय में 395 स्टूडेंट्स को PHD की डिग्रीयां बांटी गई ।
- इस समारोह में यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा 1 लाख 75 हजार 404 (1,75,404) स्टूडेंट्स को डिग्रियां वितरित की गई ।

### जूनियर मिस्टर राजस्थान चैंपियनशिप

- स्टेट बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में आयोजित 'जूनियर मिस्टर राजस्थान चैंपियनशिप' में -

1. हनुमानगढ़ के अनिल कुमार "मिस्टर राजस्थान' चुने गए ।
2. रणविजय रनर अप रहे ।
3. पवन प्रजापत फर्स्ट रनर अप रहे ।
4. सिद्धार्थ बेस्ट पोजर रहे ।
5. तथा वैभव कुमार मोस्ट इंप्रूव्ड बॉडी बिल्डर रहे ।

BIGTEST.IN

# January 2023 Rajasthan Current Affairs

## राजस्थान के जोधपुर में खुलेगा डेंटल कॉलेज

- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने दंत चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सा और राजस्थान स्टेट डेंटल काउंसिल के वरिष्ठ सदस्यों को सम्मानित किया।
- अशोक गहलोत ने दंत चिकित्सा की नैतिक पुस्तिका "कोड ऑफ एथिक्स फॉर डेंटल प्रैक्टिस" के डिजिटल संस्करण का विमोचन किया।
- राजस्थान में अब तक 14 निजी डेंटल कॉलेज है।

## जयपुर में डेंटल कॉलेज के लिए बजट

- राजस्थान के जयपुर जिले में डेंटल कॉलेज को 100 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है।

## जोधपुर में खुलेगा डेंटल कॉलेज

- राजस्थान के जोधपुर जिले में जल्द ही डेंटल कॉलेज खोला जाएगा।

## इंस्पायर अवार्ड 2022 - 23 में चयनित राजस्थान के 5993 विद्यार्थी

- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से वर्ष 2022 - 23 के इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में राजस्थान के 5993 विद्यार्थियों का चयन हुआ है।
- इनमें सर्वाधिक 750 बाल वैज्ञानिक जयपुर जिले से हैं।
- इंस्पायर अवार्ड के लिए चयनित जयपुर में केंद्रीय विद्यालय नंबर 4 के दसवीं के विद्यार्थी (झोटवाड़ा, जयपुर निवासी) हर्षित मित्तल ने बायोडिग्रेडेबल और नॉन बायोडिग्रेडेबल कचरे की पहचान को लेकर आईडिया दिया था।
- यह इंस्पायर अवार्ड कक्षा 6 से दसवीं तक के विद्यार्थियों को दिया जाता है।
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार द्वारा प्रत्येक बाल वैज्ञानिकों को प्रोत्साहन राशि ₹10,000 डीबीटी माध्यम से बैंक खाते में हस्तांतरित किए जाएंगे।
- राजस्थान के विद्यार्थियों को कुल 5.99 करोड़ रुपए की राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाएगी।

## माय इंडिया फाउंडेशन अवार्ड - 2023

- **महिला सशक्तिकरण में** - डॉ. हिमांशी गहलोत और ऐश्वर्या झंवर को
- **स्वास्थ्य सेक्टर में** - डॉ. शिवानी स्वामी और राजकुमार यादव को
- **पर्यावरण के क्षेत्र में** - डॉ. धर्मेंद्र खांडल को
- **शिक्षा क्षेत्र में** - डॉ. जयश्री पेरीवाल, प्रो. स्वाति शास्त्री और प्रिया मिश्रा शेखावत को
- **ग्रामीण विकास के क्षेत्र में** - अकांक्षा सिंह को सम्मानित किया।
- माय इंडिया फाउंडेशन अवार्ड - 2023 में स्वास्थ्य, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में काम कर रही नामचीन शख्सियत सम्मानित की गई।
- "माय इंडिया फाउंडेशन अवार्ड - 2023 " समारोह के मुख्य अतिथि राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी रहे |

## नेशनल सब - जूनियर वॉलीबॉल में राजस्थान की गर्ल्स चैंपियन

- दिल्ली में आयोजित 44 वीं नेशनल सब - जूनियर वॉलीबॉल चैंपियनशिप में राजस्थान की गर्ल्स टीम ने जीत हासिल की है।

BIGTEST.IN

## January 2023 Rajasthan Current Affairs

### राजस्थान जूनियर, सब जूनियर पैरा एथलेटिक्स और पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में - खिलाड़ियों ने जीते 3 - 3 मेडल

- जयपुर निवासी कीर्ति जांगिड़ ने राजस्थान जूनियर, सब जूनियर पैरा एथलेटिक्स और पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में 3 स्वर्ण पदक जीते ।
- कीर्ति जांगिड़ - 100 मीटर, 1500 मीटर और 400 मीटर में अव्वल रही।
- सीकर निवासी रजनी बावरिया ने राजस्थान जूनियर, सब जूनियर पैरा एथलेटिक्स और पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में 3 स्वर्ण पदक जीते ।
- रजनी बावरिया ने भाला फेंक, लंबी कूद और 100 मीटर में प्रथम स्थान प्राप्त किया ।
- जयपुर के लोकेंद्र ने लंबी कूद, 400 मीटर और 1500 मीटर में 3 गोल्ड मेडल जीते ।
- बीकानेर के गौरव ने भाला फेंक, 400 मीटर और 100 मीटर में 3 गोल्ड मेडल जीते ।
- दौसा के हरिओम गुर्जर ने गोला फेंक और जैवलिन थ्रो में 2 गोल्ड मेडल तथा 100 मीटर में सिल्वर मेडल जीता ।
- राजसमंद के दीपक गुर्जर ने 15 मीटर व 100 मीटर में 2 गोल्ड मेडल और लंबी कूद में ब्रोंज मेडल जीता ।

### "तंबाकू मुक्त अलवर" अभियान

- अलवर जिले को तंबाकू मुक्त करने के लिए अलवर जिला प्रशासन द्वारा "तंबाकू मुक्त अलवर" अभियान की शुरुआत की गई।
- 40 दिवसीय "तंबाकू मुक्त अलवर" अभियान के तहत जिले के सभी तंबाकू उत्पादों का सार्वजनिक स्थल पर उपयोग करने वाले लोगों के नियमानुसार चालान काटे गए ।
- लोगों को तंबाकू के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक भी किया गया ।
- इस अभियान के तहत शैक्षणिक संस्थान के 100 गज की परिधि में धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों एवं तंबाकू उत्पाद बेचने पर चालान किए गए ।

### "राजस्थान उद्योग रत्न" पुरस्कार

- राजस्थान में औद्योगिक विकास एवं आर्थिक उत्थान में सहयोग करने वाले सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमियों, हस्तशिल्पियों एवं बुनकरों को "राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार" से सम्मानित किया जाता है।
- वर्ष 2021- 22 में 'राजस्थान उद्योग रत्न पुरस्कार' के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं ।
- आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी 2023 है ।

### प्रवासी भारतीय दिवस

- 9 जनवरी को "प्रवासी भारतीय दिवस" के रूप में मनाया जाता है ।

## राजस्थान समसामयिकी – 10 जनवरी 2023

### 83 वां अखिल भारतीय विधानसभा पीठासीन अधिकारियों का सम्मेलन

- राजस्थान विधानसभा में 11 व 12 जनवरी 2023 को अखिल भारतीय विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में 83 वां संस्करण आयोजित होगा ।

BIGTEST.IN

- इस सम्मेलन का उद्घाटन 11 जनवरी 2023 को उपराष्ट्रपति "श्री जगदीप धनखड़" और लोकसभा अध्यक्ष "श्री ओम बिरला" करेंगे ।

### आंवले के उत्पादन में जयपुर के चौमूं और आमेर अव्वल

- जयपुर जिले के चौमूं व आमेर का क्षेत्र राजस्थान में आंवले के उत्पादन में अग्रणी है ।
- साथ ही सूखे आंवले के उत्पादन में भी पिछले 5 सालों से अग्रणी है ।
- "चौमूं मे बांसा" व "आमेर में अचरोल" कस्बा आंवले के व्यापार की मंडी के रूप में विकसित है ।

### ऑप्टिमिस्ट इंटरनेशनल गोल्फ चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी - शिक्षा जैन

- **जयपुर** निवासी 11 साल की "गोल्फर शिक्षा जैन" **फ़्लोरिडा** में होने वाली "ऑप्टिमिस्ट इंटरनेशनल गोल्फ चैंपियनशिप" में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी ।
- शिक्षा जैन अब तक 40 से ज्यादा पदक जीत चुकी है ।

### "युवा शक्ति संवाद" - कोटा

- युवा शक्ति संवाद में भाग लेने के लिए 8 जनवरी 2023 को "केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण" व "लोकसभा स्पीकर ओम बिरला" **कोटा** पहुंचे ।
- वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कोटा में सहकारी बैंक के मोबाइल एटीएम को हरी झंडी दिखाई ।

## राजस्थान समसामयिकी – 11 जनवरी 2023

### 18 वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी में राजस्थान को सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार

- राष्ट्रीय जंबूरी अवॉर्ड्स में **राजस्थान** को सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार मिला ।
- सर्वश्रेष्ठ **"स्काउट"** के लिए "नेशनल कमिश्नर शिल्ड फॉर स्काउटिंग" और सर्वश्रेष्ठ **"गाइड"** के लिए "नेशनल कमिश्नर शिल्ड फॉर गाइड" दोनों ही श्रेणियों में अवार्ड **राजस्थान** को दिए गए ।
- 18 वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जंबूरी का शुभारंभ 4 जनवरी 2023 को हुआ था ।
- और जंबूरी का समापन 10 जनवरी 2023 को हो गया ।

### रणथंभौर नेशनल पार्क में "बाघ टी - 57" की मौत

- सवाई माधोपुर में रणथंभौर नेशनल पार्क में 10 जनवरी 2023 को पेट की बीमारी और टी - 123 से संघर्ष में घायल **"बाघ टी - 57"** की मौत हो गई ।
- अब रणथंभौर में कुल बाघों की संख्या 74 रह गई है, जिसमें 22 नर, 30 मादा और 22 शावक है ।

### 18 वां कंजर्वेशन रिजर्व - बीड़ घास फुलिया खुर्द संरक्षण रिजर्व

- भीलवाड़ा जिले में "बीड़ घास फुलिया खुर्द संरक्षण रिजर्व" है, जो कि 18 वां कंजर्वेशन रिजर्व बना है ।

**मुख्य बिन्दु -**

- 17 वां कंजर्वेशन रिजर्व - शाहबाद तलहटी कंजर्वेशन रिजर्व, बांरा
- 16 वां कंजर्वेशन रिजर्व - रणखार के जंगल, जालौर
- 15 वां कंजर्वेशन रिजर्व - शाहबाद के जंगल, बांरा

BIGTEST.IN

## January 2023 Rajasthan Current Affairs

## राजस्थान समसामयिकी – 12 जनवरी 2023

### राष्ट्रीय युवा दिवस

- 12 जनवरी को **स्वामी विवेकानंद जी की जयंती** पर "राष्ट्रीय युवा दिवस" के रूप में मनाया जाता है ।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ

- **जोधपुर** जिले में 11 जनवरी 2023 को बाइक रैली के द्वारा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया गया ।
- राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 11 जनवरी 2023 से 17 जनवरी 2023 तक चलेगा ।
- ASG नेत्र चिकित्सालय समूह की ओर से सामाजिक सरोकार के तहत देशभर में स्थित अपने सभी हॉस्पिटलों के माध्यम से राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा सप्ताह 2023 "जनजागरूकता अभियान" के रूप में मनाया जा रहा है ।

### दो दिवसीय युवा सम्मेलन 2023 का आयोजन

- राज्य सरकार के शांति व अहिंसा विभाग के तत्वाधान में 11 व 12 जनवरी 2023 को **"दो दिवसीय युवा सम्मेलन 2023"** का आयोजन "पाली जिले की निंबोली स्थित जंबूरी कैम्प" में हुआ ।
- कार्यक्रम की अध्यक्षता गांधीवादी विचारक और समाजसेवी श्री सवाई सिंह ने की ।
- जिला प्रशासन युवा मामले व खेल विभाग स्काउट गाइड संघ और शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन गांधी पीस फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री कुमार प्रशांत ने किया ।

### आरएसडीसी (RSDC) अवार्ड से सम्मानित - डॉ. हरीश भारद्वाज

- जयपुरिया अस्पताल के दंत चिकित्सा विभाग के प्रभारी एवं प्रमुख विशेषज्ञ डॉ. हरीश भारद्वाज को दंत चिकित्सा के क्षेत्र में वर्षों की समर्पित और निष्ठावान सेवा के लिए SMS मेडिकल कॉलेज में राजस्थान स्टेट डेंटल कांउसिल की कार्यशाला के दौरान मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने "आरएसडीसी अवार्ड - 2023" से सम्मानित किया ।

### दूध संकलन में RCDF ने रचा इतिहास - राजस्थान तीसरे स्थान पर

- एक ही दिन में 50 लाख लीटर से अधिक दूध का संकलन कर राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ने नया इतिहास रचा है ।
- 1 दिन में 26 लाख लीटर दूध संकलन कर जयपुर डेयरी ने भी रिकॉर्ड बनाया ।
- RCDF की प्रशासक और प्रबंध संचालक सुषमा अरोड़ा है ।
- भारत में दुग्ध संकलन में गुजरात और कर्नाटक के बाद राजस्थान तीसरे नंबर पर है ।
- **RCDF** - Rajasthan Co-operative Dairy Federation
- **आरसीडीएफ** - राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन

## राजस्थान समसामयिकी – 13 जनवरी 2023

### बीकानेर में "ऊंट महोत्सव" का शुभारंभ - 13 जनवरी 2023

- बीकानेर जिले में 13 से 15 जनवरी 2023 तक "ऊंट महोत्सव" का आयोजन किया जाएगा ।

BIGTEST.IN

## January 2023 Rajasthan Current Affairs

- ऊंट महोत्सव में बीकानेर कार्निवल, बीकानेर बॉय नाइट, मिस्टर बिकाणा, मिस मरवण, ऊंट दौड़, कुश्ती साफा बांधना, सैंड आर्ट प्रदर्शनी, हेयर एंड बैलून,अग्नि नृत्य इत्यादि प्रदर्शनिया आयोजित की जाएगी ।

### "भीलवाड़ा महोत्सव" का शुभारंभ -12 जनवरी 2023

- 12 जनवरी 2023 को राज्य मंत्री रामलाल जाट, बीज निगम के अध्यक्ष राज्य मंत्री धीरज गुर्जर एवं कलेक्टर आशीष मोदी ने "भीलवाड़ा महोत्सव" का शुभारंभ किया ।

### अजमेर की सूफिया खान कतर मैराथन में दौड़ने वाली पहली महिला

- राजस्थान के अजमेर की सूफिया खान "कतर मैराथन साउथ टू नॉर्थ" की दौड़ में हिस्सा लेने वाली विश्व की पहली महिला बनने जा रही है ।
- **नोट** -
- वर्ष 2019 में कश्मीर से कन्याकुमारी की दूरी 87 दिन में पूरी कर गिनीज बुक रिकॉर्ड बनाया व सबसे तेज गति की महिला एथलीट बनी ।
- 2021 में दूसरा विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया व चार महानगरों के बीच की दूरी 110 दिन में पूरी की ।
- 2022 में मनाली से लेह 480 किलोमीटर की दूरी 7 दिन में पूरी कर तीसरा रिकॉर्ड बनाया ।

### मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर के डॉ. आर. के. टेलर "फैलो ऑफ कॉमर्स अवार्ड" से सम्मानित

- मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर के व्यवसायिक प्रशासन विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ. आर. के. टेलर को भारतीय वाणिज्य संस्थान के क्षेत्र में वार्षिक अधिवेशन में "फैलो ऑफ कॉमर्स अवार्ड" से सम्मानित किया गया ।
- डॉ. टेलर रोबोटिक अकाउंटिंग एवं प्रोसेस ऑटोमेशन पर पिछले 10 वर्षों से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रहे हैं ।

### गोल्डन बुक ऑफ द अर्थ में जयपुर की 'गोल्डन गर्ल' लाछी प्रजापति

- गोल्डन गर्ल ऑफ जयपुर के साथ ही "यंगेस्ट ऑथर ऑफ द वर्ल्ड" के नाम से अपनी पहचान बना चुकी 16 साल की लाछी प्रजापत की बायोग्राफी "गोल्डन बुक ऑफ द अर्थ" में प्रकाशित हुई है।
- इस बुक में दुनिया के 101 महान व्यक्तियों की बायोग्राफी है ।
- बुक में 50 देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, अभिनेता, खिलाड़ी, उद्यमी, चिकित्सक, शिक्षक और समाजसेवियों की जीवनी को स्थान दिया गया है ।
- 7 वें एशियाड लिटरेचर फेस्टिवल में उनकी पुस्तक "सिट ए व्हाइल विद मी" के लिए उन्हें "यंगेस्ट ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड" से सम्मानित किया गया ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जयपुर की लाछी प्रजापत से राखी बंधवा चुके हैं ।

### उदयपुर की डॉ. सुनीता घोगरा बनी राजस्थान साहित्य अकादमी की उपाध्यक्ष

- अकादमी अध्यक्ष डॉ. दुलाराम सारण की अध्यक्षता में 8 जनवरी 2023 को राजस्थान साहित्य अकादमी में उदयपुर जिले की आदिवासी वर्ग के भील समुदाय की डॉ. सुनीता घोगरा को उपाध्यक्ष के पद पर चुना गया ।
- पहली बार किसी महिला व जनजाति समुदाय की महिला को उपाध्यक्ष चुना गया है ।

BIGTEST.IN

- डॉ. सुनीता घोगरा की पुस्तक – मत्ताई

## राजस्थान समसामयिकी – 14 जनवरी 2023

### अंधता नियंत्रण के लिए पॉलिसी लागू करने वाला पहला राज्य - राजस्थान

- राइट टू साइट विजन के तहत **अंधता नियंत्रण के लिए पॉलिसी** लागू करने वाला **राजस्थान** देश का पहला राज्य है ।
- राजस्थान में राइट टू साइट विजन के तहत अंधता नियंत्रण के लिए पॉलिसी 13 जनवरी 2023 को लागू की गयी ।
- किसी बीमारी या दुर्घटना में अपनी आंखें खोने वाले लोगों को नया रोशन जीवन देने के उद्देश्य से राजस्थान में अंधता नियंत्रण पॉलिसी लागू की है ।
- राइट टू साइट विजन के मुताबिक हर सरकारी मेडिकल कॉलेज में केराटोप्लास्टी सेंटर और आई बैंक खुलेगा ।

### राजस्थान में पहले "ट्रैफिक सेफ्टी पार्क" का उद्घाटन - 20 जनवरी 2023

- राजस्थान के पहली बार "ट्रैफिक सेफ्टी पार्क" का उद्घाटन उदयपुर में 20 जनवरी 2023 को किया जाएगा ।
- उदयपुर के चित्रकूट नगर में 20.88 लाख के बजट से **"ट्रैफिक सेफ्टी पार्क"** का निर्माण किया गया है ।
- इस पार्क के माध्यम से बच्चों को बैटरी कार व जीप से ट्रैफिक नियम सिखाए जाएंगे ।
- नए नियमों के तहत 16 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे बिना गियर वाले दुपहिया वाहन चला सकते हैं ।
- राजस्थान सरकार ने यातायात नियमों के प्रति जागरूकता लाने के लिए 2 साल पूर्व बजट में 17 जिलों में ट्रैफिक सेफ्टी पार्क की घोषणा कर 374.63 लाख रुपए मंजूर किए।

### उदयपुर के बायोलॉजिकल पार्क में बर्ड एग्जीबिशन का आयोजन - 11 से 23 जनवरी 2023

- **उदयपुर के सज्जनगढ़** "बायोलॉजिकल पार्क" में **11 से 23 जनवरी 2023** तक **"बर्ड प्रदर्शनी"** आयोजित होगी ।
- इस प्रदर्शनी में राजस्थान के 20, जबकि देशभर के 50 तरह के पक्षियों को दर्शाया जाएगा ।
- कुछ शिकारी पक्षियों की प्रजातियां धीरे-धीरे विलुप्त होती जा रही है ।

### नेशनल साइकिलिंग प्रतियोगिता में - राजस्थान प्रथम स्थान पर

- महाराष्ट्र के नासिक में **7 से 10 जनवरी 2023** तक नेशनल साइकिलिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई थी ।
- नेशनल साइकिलिंग प्रतियोगिता में राजस्थान ने 21 पदक (8 स्वर्ण पदक, 6 रजत पदक और 7 कांस्य पदक) जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

### झुंझुनू के सौरभ शर्मा को कैलिफोर्निया लेजिस्लेचर असेंबली ने किया सम्मानित

- हाल ही में झुंझुनू जिले के नवलगढ़ के निवासी **सौरभ बावलिया (शर्मा)** को कैलिफोर्निया लेजिस्लेचर असेंबली द्वारा सामाजिक कार्य करने के लिए **सम्मानित** किया गया ।

BIGTEST.IN

- नोएडा में हुए इस कार्यक्रम में उन्हें यह पुरस्कार अमेरिकी राजनितिक और कैलिफोर्निया स्टेट असेंबली के सदस्य जेसी सैमुअल गेब्रियल द्वारा प्रदान किया गया।

## राजस्थान समसामयिकी – 15 जनवरी 2023

### राजस्थान में विभिन्न पुलिस भवनों के निर्माण के लिए 201 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राजस्थान में पुलिस अधीक्षक एवं वृत कार्यालयों, नवीन पुलिस थानों और चौकियों के निर्माण के लिए **176.11 करोड़ रुपए** का बजट स्वीकृत किया है।
- तथा पुलिस लाइन सिरोही, छठी बटालियन आरएसी धौलपुर एवं मेवाड़ भील कोर खैरवाड़ा के प्रशासनिक भवनों के निर्माण के लिए **25.37 करोड़ रुपए** की स्वीकृति प्रदान की है।
- इस स्वीकृत बजट के अनुसार राजस्थान में 26 नवीन थानों तथा 3 साइबर थानों के लिए **99.72 करोड़ रुपए**, 16 पुलिस चौकियों के निर्माण के लिए **13.15 करोड़ रुपए**, 16 पुलिस थानों के जीर्णोद्धार एवं पुनर्निर्माण के लिए **55.02 करोड़ रुपए** तथा नवसृजित पुलिस अधीक्षक एवं वृत्त कार्यालय के लिए **8.20 करोड़ रुपए** का प्रावधान किया गया है।

### जयपुर के अरुण कसुंभिवाल को एक्सक्लुसिव वर्ल्ड रिकॉर्ड सम्मान

- **जयपुर** निवासी वास्तुविद अरुण कसुंभिवाल को 3000 से अधिक भवनों के डिजाइन व निर्माण के लिए "एक्सक्लूसिव वर्ल्ड रिकॉर्ड" से सम्मानित किया गया।
- इससे पहले अरुण कसुंभिवाल को 1995 में केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री शीला कोल द्वारा विजयश्री अवार्ड से सम्मानित किया गया था।

### एमएल लाठर चुने गए - राज्य सूचना आयुक्त

- राज्य सरकार की अनुशंसा पर पूर्व पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एमएल लाठर को राज्यपाल ने **"राज्य सूचना आयुक्त"** नियुक्त किया है।
- मुख्य सूचना आयुक्त डीबी गुप्ता के अधीन कार्य करेंगे।
- उनका कार्यकाल 3 वर्ष रहेगा।
- राज्य सूचना आयोग की स्थापना **18 अप्रैल 2006** में हुई थी।
- वर्तमान मुख्य सूचना आयुक्त - डीबी गुप्ता
- प्रथम मुख्य सूचना आयुक्त - एमडी कोरोनी

### हॉकी वाली सरपंच - नीरू यादव ने किसानों को समर्थन देने के लिए शुरू किया एक नया प्रयास

- नीरू यादव उर्फ "हॉकी वाली सरपंच" ने **लंबी अहीर गांव झुंझुनू** के किसानों को समर्थन देने के लिए एक नया प्रयास शुरू किया है।
- नीरू यादव और नाबार्ड ने SIIRO (भारतीय ग्रामीण विकास संस्थान की सोसाइटी) की मदद से किसान उत्पादक संगठन (FPO) शुरू करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।
- नाबार्ड द्वारा राजस्थान में पेश किया जाने वाला इस प्रकार का 15 वां FPO "सच्ची सहेली महिला एग्रो प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड" है।

BIGTEST.IN

**January 2023 Rajasthan Current Affairs**

## राजस्थान समसामयिकी – 16 जनवरी 2023

### अलवर में "हर घर पंचायत अभियान" का शुभारंभ

- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री टीकाराम जूली ने **15 जनवरी 2023** को अजमेर जिले के पूनखर गांव से **"हर घर पंचायत अभियान"** का शुभारंभ किया है ।
- स्थानीय स्तर पर समस्याओं के समाधान के उद्देश्य के साथ "हर घर पंचायत अभियान" अलवर ग्रामीण क्षेत्र में शुरू किया गया ।
- इस तरह का घर घर पहुंच कर समस्याओं का समाधान करने वाला अभियान राजस्थान में पहली बार चलाया गया है ।

### 66 वीं राज्य स्तरीय "स्कूल साइक्लिंग" में बीकानेर ने जीते - 8 गोल्ड व 8 सिल्वर मेडल

- **महर्षि दयानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय, घड़साना** में 66 वीं राज्य स्तरीय विद्यालय साइक्लिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई ।
- श्रीगंगानगर के घड़साना में संपन्न **"राज्य स्तरीय स्कूली साइक्लिंग"** में बीकानेर ने 8 गोल्ड और 8 सिल्वर मेडल जीते हैं ।
- साथ ही बीकानेर राज्य के किसी भी खेलकूद टूर्नामेंट में इतने पदक जीतने वाला एकमात्र जिला बन गया है ।

**बेस्ट प्लेयर का खिताब -**

**छात्र वर्ग में -**

- **बीकानेर** के बजरंग करवां को 2 गोल्ड मेडल व एक सिल्वर मेडल के साथ बेस्ट प्लेयर का खिताब मिला ।

**छात्रा वर्ग में -**

- **बीकानेर** की प्रियंका चौधरी व रुक्मणी ने 2 - 2 गोल्ड मेडल जीतकर, संयुक्त रूप से बेस्ट प्लेयर का खिताब जीता ।

### 8 वां महाकवि कन्हैयालाल सेठिया कविता पुरस्कार - के. सच्चिदानंदन को

- **जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल** के 16 वें संस्करण का आयोजन **19 से 23 जनवरी 2023** तक होटल क्लार्क्स आमेर , जयपुर में किया जाएगा।
- "आठवां महाकवि कन्हैयालाल सेठिया काव्य पुरस्कार" अग्रणी आधुनिक भारतीय कवि, आलोचक और अनुवादक के. सच्चिदानंदन को दिया जाएगा।
- साहित्य अकादमी के पूर्व सचिव को जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल (JLF) के आगामी 16 वें संस्करण में साहित्यिक पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

**Note -**

- **जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल** में 20 भारतीय और 14 अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं को शामिल किया है ।

### ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन चैंपियनशिप - 5 से 12 फरवरी 2023

- **5 से 12 फरवरी 2023** तक जयपुर में ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन चैंपियनशिप आयोजित होगी ।
- राजस्थान बैडमिंटन संघ के हेड कोच अतुल गुप्ता है ।

BIGTEST.IN

## January 2023 Rajasthan Current Affairs

### 34 वीं फेडरेशन कप हैंडबॉल चैंपियनशिप में - राजस्थान की महिलाएं चैंपियन और पुरुष तीसरे स्थान पर

- राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ व कृपा बाबा हैंडबॉल अकादमी द्वारा **श्री महावीर जी (करौली)** में आयोजित **"34 वीं फेडरेशन कप हैडबॉल चैंपियनशिप"** में राजस्थान की महिलाएं जीत हासिल कर चैंपियन बनी ।
- **पहली बार** राजस्थान की महिलाओं ने फेडरेशन कप में पदक जीता है ।
- और राजस्थान के पुरुष इस चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से पंजाब के साथ तीसरे स्थान पर रहे ।
- राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह है ।

### "महात्मा गांधी की पत्रकारिता" पर संगोष्ठी - 16 जनवरी 2023 को

- महात्मा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ़ गवर्नेंस एंड सोशल साइंसेज द्वारा "महात्मा गांधी की पत्रकारिता" 'समसायिक संदर्भ' पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन **16 जनवरी 2023 को सेंट्रल पार्क** में होगा ।
- उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि गांधी शांति प्रतिष्ठान, नई दिल्ली के अध्यक्ष श्री कुमार प्रशांत होंगे ।
- विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ सेवानिवृत्त IAS अधिकारी श्रीमती मीनाक्षी हूजा और अध्यक्षता संस्थान के निदेशक प्रो. बी. एम. शर्मा द्वारा की जाएगी ।
- समापन सत्र के मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति श्री गोपाल कृष्ण व्यास होंगे ।

## राजस्थान समसामयिकी – 17 जनवरी 2023

### "हवामहल फेस्टिवल"

- पर्यटन विभाग ने 15 जनवरी 2023 रात्रि को **जयपुर** की ऐतिहासिक धरोहर पर "हवामहल फेस्टिवल" का आयोजन किया ।
- इस उत्सव का उद्देश्य - राजस्थान के प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर और स्मारकों को सहेजना और पर्यटकों में इनके प्रति चेतना और संरक्षण के लिए प्रेरित करना है ।
- ऐसे आयोजनों से राजस्थान में नाइट टूरिज्म भी बढ़ेगा ।

### "सीआईआई एनबीसी जयपुर बॉय नाइट मैराथन" का आयोजन

- सीआईआई राजस्थान सरकार के पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से यंग इंडियस और इंडियन वुमन नेटवर्क राजस्थान के साथ मिलकर "CII - NBC जयपुर बॉय नाइट मैराथन" के 5 वें संस्करण का आयोजन 28 जनवरी 2023 को **जवाहर कला केंद्र, जयपुर** में किया जाएगा ।
- इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षा, कला एवं संस्कृति मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला होंगे ।
- और कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रमुख **सचिव** - **पर्यटन** गायत्री राठौड़ और **निदेशक** - **पर्यटन** रश्मि शर्मा होंगी ।

**Note -**

- कॉन्फ़डरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री / भारतीय उद्योग परिसंघ - **सीआईआई**
- राष्ट्रीय प्रसारण कंपनी -**एनबीसी**
- **Full Form of CII** - Confederation of Indian Industry

BIGTEST.IN

## January 2023 Rajasthan Current Affairs

- **Full Form of NBC** - National Broadcasting Company

### डेजी रॉकवेल को मिला 7 वां "वाणी फाउंडेशन गणमान्य अनुवादक पुरस्कार"

- 22 जनवरी 2023 को 7 वें संस्करण में **उत्तरी न्यू इंग्लैंड** की निवासी हिंदी और उर्दू साहित्य की अनुवादक व चित्रकार "डेजी रॉकवेल" को "वाणी फाउंडेशन गणमान्य अनुवादक पुरस्कार" से सम्मानित किया जाएगा ।
- जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल द्वारा हर साल **जयपुर बुकमार्क में निरंतर और कम से कम 2 भारतीय भाषाओं के बीच साहित्य को और भाषाई संबंध विकसित करने** में अहम भूमिका निभाने वाले अनुवादको को वाणी फाउंडेशन गणमान्य अनुवादक पुरस्कार दिया जाता है।
- Note -
- डेजी रॉकवेल व Gitanjali Shri द्वारा **"Tom of send" ( "रेत का मकबरा" )** पुस्तक को हिंदी और उर्दू साहित्य में अनुवादित करने के लिए "अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार" मिला ।

### नेशनल स्टार्टअप डे पर "राजस्थान इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव" की शुरुआत

- नेशनल स्टार्टअप डे के अवसर पर 16 जनवरी 2023 को झालाना स्थित भामाशाह टेक्नो हब में आई स्टार्ट तथा स्टार्टअप चौपाल द्वारा दो दिवसीय "राजस्थान इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव" की शुरुआत की गई ।

### जोधपुर में - रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता

- 66 वीं राज्य स्तरीय विद्यालय रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता 11 से 15 जनवरी 2023 तक गौशाला मैदान, **जोधपुर** में आयोजित की गई ।
- अंडर - 14 में जयपुर निवासी शिवांश शर्मा को दो गोल्ड एक सिल्वर मेडल के साथ पुरुष वर्ग में बेस्ट अवार्ड दिया गया ।
- बालिका वर्ग में वान्या बोरा को दो गोल्ड एक सिल्वर मेडल दिया गया ।

### जयपुर के अंकित खंडेलवाल को - डॉ. भीमराव अंबेडकर अवॉर्ड

- मुंबई में हायूमन राइट्स काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से आयोजित 10 वें स्थापना दिवस के समारोह में जयपुर के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर एंकर अंकित खंडेलवाल को **"डॉ. भीमराव अंबेडकर अवार्ड"** से सम्मानित किया गया ।

### जेके जाजू को मिला - "वैश्य गौरव पुरस्कार"

- इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन जयपुर सेंट्रल की ओर से बिरला ऑडिटोरियम में "जेके जाजू" को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा **"वैश्य गौरव पुरस्कार"** से सम्मानित किया गया ।
- यह पुरस्कार उन्हें सामाजिक कार्य क्षेत्र में फलदायी प्रभाव और समर्पण के लिए दिया गया ।

### अनिल अग्रवाल को मिला - वैश्य भूषण सम्मान

- अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जयपुर सेंट्रल की ओर से अनिल कुमार अग्रवाल को **"वैश्य भूषण" पुरस्कार** से सम्मानित किया गया ।
- यह पुरस्कार उन्हें व्यावसायिक सेवा क्षेत्र में प्रेरणास्पद कार्य करने के लिए दिया गया ।

BIGTEST.IN

January 2023 Rajasthan Current Affairs

## अलवर में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन

- देश के केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री आवरण और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने 13 जनवरी 2023 को राजस्थान के **अलवर** में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) क्षेत्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया ।
- क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा संचालित प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में भिवाड़ी, खुशखेड़ा, टपूकड़ा, करौली, नीमराणा बहरोड़, घिलोट, खैरथल है ।
- क्षेत्रीय कार्यालय अलवर, भरतपुर और धौलपुर जिलो के औद्योगिक और अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों की सेवा करेगा।
- ईपीएफओ के प्रबंधन के लिए जयपुर को दो क्षेत्रीय कार्यालयों - क्षेत्रीय कार्यालय जयपुर और क्षेत्रीय कार्यालय अलवर में विभाजित किया गया ।

## अंतर्राष्ट्रीय ऊंट महोत्सव में मिस्टर बीकाणा का खिताब

- 13 से 15 जनवरी 2023 को अंतर्राष्ट्रीय ऊंट महोत्सव बीकानेर में "मिस्टर बीकाणा" खिताब **रविंद्र जोशी** को मिला ।

**नोट** -

1. **मिस मरवण** - कोमल सिद्ध
2. **मिस्टर पोकरण 2022** - भरत बोहरा

## राजस्थान समसामयिकी – 18 जनवरी 2023

## हनुमानगढ़ में खिलौना बैंक का उद्घाटन

- हनुमानगढ़ की जिला कलेक्टर रुकमणी रियार ने 17 जनवरी 2023 को जिला परिषद परिसर में खिलौना बैंक का उद्घाटन किया ।
- बच्चों के लिए एकत्रित खिलौना किटो का हनुमानगढ़ ब्लॉक के 30 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए वितरण किया गया ।
- जिले के ब्लॉक मुख्यालयों एवं जिला स्तर पर 1 - 1 खिलौना बैंक की स्थापना की गई है ।
- बाड़मेर जिले में नवाचार के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों को "आदर्श आंगनबाड़ी" में विकसित किया जा रहा है ।

## नेशनल सिक्योरिटी एजेंसी में राजस्थान के रिटायर्ड आईपीएस पंकज सिंह

- राजस्थान के रिटायर्ड आईपीएस पंकज सिंह को Deputy NSA का पद दिया गया है।
- केंद्र सरकार ने 17 जनवरी 2023 शाम को आदेश जारी कर पंकज सिंह को अजीत डोभाल की टीम में शामिल किया है।
- पंकज सिंह पहले बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स एज में डीजीपी के पद से रिटायर हुए हैं।
- आईपीएस पंकज कुमार सिंह 1988 कैडर के आईपीएस अधिकारी हैं।
- आईपीएस पंकज सिंह का संबंध लखनऊ उत्तर प्रदेश से है उनका जन्म लखनऊ में 1962 में हुआ।
- आईपीएस पंकज सिंह प्रकाश सिंह के पुत्र हैं प्रकाश सिंह को पदम श्री अवार्ड मिला था।

BIGTEST.IN

Bigtest.in
Rajasthan Gk | Hindi |Online Test | Psychology



## राजस्थान हाईकोर्ट में 9 नए न्यायाधीशों की नियुक्ति

- राजस्थान हाईकोर्ट में 9 नए न्यायाधीश आने पर मुख्य न्यायाधीश सहित 35 न्यायाधीश हो गए है ।
- सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 9 नए जजों की मंजूरी दी हैं इनमें से 6 न्यायिक अधिकारी कोटे व 3 वकील कोटे से है ।
- न्यायिक अधिकारी कोटे से राजेंद्र प्रकाश सोनी, अशोक कुमार जैन, योगेंद्र कुमार पुरोहित, भुवन गोयल, प्रवीण भटनागर, आशुतोष कुमार के नाम की मंजूरी दी गई है।
- वकील कोटे से अनिल उपमन व नूपुर भाटी, गणेशाराम मीणा के नाम की मंजूरी दी गई है ।
- हाईकोर्ट में महिला न्यायाधीशों की संख्या 3 हो चुकी है, इनमें न्यायाधीश शुभा मेहता, रेखा बोराणा, नूपुर भाटी है ।
- हाईकोर्ट में न्यायाधीश दंपतियों की संख्या 2 हो गई है न्यायाधीश महेंद्र गोयल व न्यायाधीश शुभा मेहता , न्यायाधीश डॉ. पीएस भाटी तथा न्यायाधीश नूपुर भाटी

## एचडीईपी शीट बनाने वाला देश का पहला प्लांट

- मेक्रो शीट इंडिया लिमिटेड ने एचडीईपी शीट बनाने वाला देश का पहला प्लांट बिंदायका औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर में लगाया है ।
- पीएचईडी मंत्री डॉ. महेश जोशी ने इसका शुभारंभ किया ।
- यह प्लांट राज्य सरकार की रिप्स 2022 योजना के तहत लगाया गया है इसके उत्पादन क्षमता प्रतिवर्ष 10 हजार मैट्रिक टन है ।
- इसमें जो शीट बनेगी उसका प्रयोग जल संचय, हाइड्रो प्रोजेक्ट, नहर क्षेत्र, पेट्रोकेमिकल, सड़क व रेल निर्माण वेस्ट मैनेजमेंट क्षेत्र आदि के लिए किया जाएगा ।

## जयपुर में बनेंगे चार सेटेलाइट हॉस्पिटल

- जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA) जयपुर शहर के चार राजमार्गों पर सेटेलाइट अस्पताल बनवाएगा ।
- सेटेलाइट अस्पताल के लिए 100 करोड़ रुपए के बजट की स्वीकृति जारी की गई ।
- यह चारों अस्पताल अजमेर रोड पर बालमुकुंदपुरा, दिल्ली रोड पर अचरोल, कानोता - आगरा रोड और टोंक रोड पर ग्राम शिवदासपुरा में बनेंगे ।

## उदयपुर के कैप्टन शुभम "चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ कमेंडेशन कार्ड" से सम्मानित

- भारतीय सेना दिवस पर उदयपुर निवासी कैप्टन शुभम जैन को "चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ कमेंडेशन कार्ड" से सम्मानित किया गया ।
- यह अवार्ड उन्हें चीन बॉर्डर के पास ड्यूटी करने में वीरता व बहादुरी के लिए दिया गया ।
- कैप्टन शुभम जैन भारतीय सेना की मराठा रेजीमेंट में है ।

# राजस्थान समसामयिकी – 19 जनवरी 2023

## दिव्यांगजनों के लिए कंपोजिट रीजनल सेंटर के लिए एमओयू

- राज्य में प्रथम कंपोजिट रीजनल सेंटर जयपुर के जामडोली में स्थापित किया जाएगा ।

BIGTEST.IN

## January 2023 Rajasthan Current Affairs

- कंपोजिट रीजनल सेंटर के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए ।
- राजस्थान में दिव्यांगजनों को विभिन्न सेवाएं और सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य में प्रथम कंपोजिट रीजनल सेंटर में स्थापित किया जाएगा ।
- कंपोजिट रीजनल सेंटर में दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क कृत्रिम अंग एवं उपकरण और फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी इत्यादि सुविधाएं उपलब्ध होगी ।

### पीएम मोदी की लिखी पुस्तक "एग्जाम वॉरियर्स" का कलराज मिश्र ने किया लोकार्पण

- राज्यपाल कलराज मिश्र पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा लिखित पुस्तक "एग्जाम वॉरियर्स" का **18 जनवरी 2023** को राजभवन जयपुर में लोकार्पण किया ।
- एग्जाम वॉरियर्स पुस्तक के हिंदी और अंग्रेजी संस्करण दोनों का लोकार्पण किया ।

### परिवहन निरीक्षक दिनेश सिंह फौजदार - "स्टेट लेवल अवार्ड" से सम्मानित

- परिवहन निरीक्षक दिनेश सिंह फौजदार को राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा सप्ताह में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए "स्टेट लेवल अवार्ड" से सम्मानित किया ।
- यह अवार्ड उन्हें परिवहन आयुक्त व अतिरिक्त आयुक्त ने दिया।

### बाघ - बाघिन और बब्बर शेरनी को लाया जाएगा अभेड़ा पार्क में

- **नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क, जयपुर** से बाघ - बाघिन और बब्बर शेरनी को **अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क, कोटा** में लाया जाएगा ।
- सेंट्रल जू अथॉरिटी ऑफ इंडिया से अभेड़ा पार्क के लिए तीन वन्यजीवों को लाने की अनुमति मिल चुकी है ।

### राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद ने स्थाई समिति का किया गठन

- राजस्थान सरकार ने 17 जनवरी 2023 को राजस्थान क्रीड़ा परिषद में कृष्णा पूनिया की अध्यक्षता में स्थाई समिति का गठन किया है।
- राजस्थान क्रीड़ा परिषद समिति के अध्यक्ष सतवीर चौधरी तथा युवा मामले एवं खेल विभाग के वित्तीय सलाहकार एवं कोषाध्यक्ष होंगे।
- मोहम्मद इकबाल (जयपुर ) एवं अनिल व्यास (शाहपुरा,भीलवाड़ा) स्थाई समिति के सदस्य बनाए गए हैं।
- सभी मनोनीत पदाधिकारियों व सदस्यों का कार्यकाल 3 वर्ष होगा।

### अमेरिका में ग्लोबल वुमेन फेस्टिवल 2022 में रूमा देवी सम्मानित

- **अमेरिका** के सिएटल में आयोजित 10 वीं वार्षिक ग्लोबल वुमेन फेस्टिवल 2022 में **बाड़मेर** की अंतरराष्ट्रीय फैशन डिज़ाइनर रूमा देवी को सम्मानित किया गया ।
- महिला सशक्तिकरण की दिशा में विश्व स्तरीय कार्य करने पर राज्य अमेरिका के संस्थान एम्पावरिंग ओर से यह सम्मान दिया गया ।

BIGTEST.IN

**January 2023 Rajasthan Current Affairs**

## जोधपुर के बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में 32 साल बाद रणजी क्रिकेट मैच

- **जोधपुर** के बरकतुल्लाह खां स्टेडियम में **32 वर्ष** बाद रणजी क्रिकेट मैच खेला गया ।
- राजस्थान व छत्तीसगढ़ के बीच मैच की शुरुआत हुई ।
- इससे पहले 1985 में इसी स्टेडियम में एक ही पारी में 10 विकेट लेने वाले बॉलर प्रदीप सुंदरम को सम्मानित किया गया ।

## देवेंद्र सिंह बुटाटी बने आर्थिक पिछड़ा वर्ग बोर्ड के सदस्य

- राजस्थान आर्थिक पिछड़ा वर्ग बोर्ड में सदस्य के रूप में नियुक्त कांग्रेस नेता देवेंद्र सिंह बुटाटी ने अपना पदभार ग्रहण किया ।

## हनुमानगढ़ में "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" कार्यक्रम का आयोजन

- **हनुमानगढ़** में "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" कार्यक्रम का आयोजन 18 से 24 जनवरी 2023 तक किया जाएगा ।
- बालिकाओं की सुरक्षा और बालिकाओं के बेहतर शैक्षिक परिणामों को सक्षम करने एवं जनभागीदारी बनाने के लिए "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना" के तहत बालिका हेतु साप्ताहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ।

## राजस्थान समसामयिकी – 20 जनवरी 2023

## खनन कार्यों में सुरक्षा मानकों की पालना के लिए चलेगा - राज्यव्यापी अभियान

- राज्य सरकार द्वारा 23 जनवरी 2023 से राजस्थान में "राज्यव्यापी अभियान" चलाकर खनन सुरक्षा मानकों की शत- प्रतिशत पालना सुनिश्चित की जाएगी।
- अवैध खनन को रोकने के लिए राजस्थान में प्रधान एवं अप्रधान खनिज ब्लॉकों की नीलामी का नया रिकॉर्ड बनाया जाएगा।

## सीकर के बाजोर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण

- उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्रीमती शकुन्तला रावत एवं विधायक राजेंद्र पारीक ने 18 जनवरी 2023 को ग्राम पंचायत बाजोर, सीकर में नव-निर्मित राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण किया।
- 2 करोड़ रुपये की लागत से सीकर में राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण किया गया।
- उन्होंने 25 लाख रुपए की लागत से प्रस्तावित अंबेडकर भवन का शिलान्यास भी किया।

## अजमेर में खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ

- राजस्थान खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर शर्मा द्वारा जिला स्तरीय खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी 2022-23 का शुभारम्भ 20 जनवरी 2023 को किया जाएगा।
- यह प्रदर्शनी 20 जनवरी 2023 से 29 जनवरी 2023 तक उपलब्ध रहेगी।
- प्रदर्शनी में लगभग 20 स्टॉल में खादी संस्थाओं द्वारा तैयार ऊनी, सूती, रेशमी एवं पॉली खादी के विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा।

BIGTEST.IN

# January 2023 Rajasthan Current Affairs

## जालोर में 'मिशन 392' के तहत दिव्यांगजनों के लिए 22.83 करोड़ का बजट स्वीकृत

- जालोर जिले के रानीवाड़ा उपखण्ड क्षेत्र में राज्य के जनजाति क्षेत्रीय विकास राज्यमंत्री श्री अर्जुन सिंह बामनिया और जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष श्री पुखराज पाराशर ने 18 जनवरी 2023 को 22.83 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।
- 'मिशन 392' के तहत दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल सहित 43 उपकरण वितरित किए ।
- मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की प्रेरणा से 27 सितंबर 2022 से तहसील स्तर पर 'मिशन तहसील 392' कार्यक्रम शुरू किया ।
- 'मिशन 392' प्रदेश के 7 संभागों की कुल 392 तहसीलों में शुरू किया गया ।

## गीतकार जावेद अख्तर की पुस्तक "जादूनामा" का विमोचन

- राज्यपाल कलराज मिश्र ने 18 जनवरी 2023 को महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम, जयपुर में जावेद अख्तर की जिंदगी पर लिखी पुस्तक "जादूनामा" का विमोचन किया ।

## ख्वाजा गरीब नवाज का 811 वां उर्स

- अजमेर में ऐतिहासिक बुलंद दरवाजे पर हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की 811 वें उर्स की शुरुआत 18 जनवरी 2023 को झंडा चढ़ाकर की गई ।
- एक रज्जब से 6 रज्जब भीलवाड़ा का गौरी परिवार झंडा चढ़ा कर उर्स की शुरुआत करता है ।
- फौजिया की तोप दागने का संबंध भी इसी उर्स है ।

## मशहूर गीतकार इशराद कामिल "श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल अवार्ड" से सम्मानित

- जयपुर साहित्य महोत्सव में "श्री द्वारका प्रसाद अग्रवाल अवार्ड" 2023 मशहूर गीतकार इशराद कामिल को दिया जाएगा ।
- **इशराद कामिल के सुपरहिट गाने** - 'नादान परिंदे', 'तुमसे ही दिन होता है', 'अगर तुम साथ हो' ।
- मशहूर गीतकार इशराद कामिल हिंदी साहित्य में PHD करने वाले बॉलीवुड के पहले गीतकार है ।
- इशराद कामिल ने जब वी मेट, रांझणा, रॉकस्टार सुल्तान, हाइवे व तमाशा जैसी कई फिल्मों के यादगार गीत लिखे हैं ।
- 16 वें जयपुर साहित्य महोत्सव की शुरुआत 19 जनवरी 2023 से की गई ।
- इस वर्ष फेस्टिवल डेकोर की थीम "उत्सव" रखी गई है ।

## जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट वैश्विक स्तर पर 10 सर्वश्रेष्ठ मध्यमवर्गीय हवाईअड्डों में शामिल

- जयपुर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट को वैश्विक स्तर पर 10 सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले मध्यम वर्गीय एयरपोर्ट की सूची में शामिल किया गया है ।
- 2022 में ऑन टाइम - ऑनटाइम व ऑनटाइम डिपोर्चर के लिए एवियशन एनालिटिकल्स कंपनी सीरियम ने अपनी ऑन-टाइम परफारमेंस रिव्यू 2022 रिपोर्ट में जयपुर एयरपोर्ट को विश्व स्तर पर 9 वें सर्वश्रेष्ठ मध्यमवर्गीय एयरपोर्ट के रूप में प्रदर्शित किया है।
- जयपुर के अलावा किसी भी भारतीय एयरपोर्ट को मध्यम एयरपोर्ट की श्रेणी में शीर्ष 10 में शामिल नहीं किया गया ।
- जयपुर एयरपोर्ट पर वर्ष 2022 में 37506 फ़्लाइट्स का संचालन हुआ ।

BIGTEST.IN

## राजस्थान समसामयिकी – 21 जनवरी 2023

### टीबी इंडेक्स रिपोर्ट 2022 - देश में राजस्थान चौथे स्थान पर

- टीबी (ट्यूबर क्लोसिस) के मरीजों की पहचान करने, बेहतर इलाज देने और उनकी वित्तीय सहायता करने में राजस्थान देश भर में चौथे स्थान पर है ।
- हाल ही में केंद्र सरकार के सेंट्रल टीबी डिवीजन ने "इंडेक्स रिपोर्ट - 2022" जारी की है ।
- इसमें 50 लाख से ज्यादा आबादी वाले 20 राज्यों में राजस्थान चौथे स्थान पर रहा ।
- इससे पहले 2019 में राजस्थान 19 वें स्थान पर था ।
- पीआईपी कंडीशननेलिटिज में (15 में से 12.5 पॉइंट हासिल कर) राजस्थान दूसरे स्थान पर रहा ।
- और हिमाचल प्रदेश (15 में से 15 पॉइंट हासिल कर) प्रथम स्थान पर रहा ।
- **नोट - पीआईपी कंडीशननेलिटिज - विभाग को मिलने वाला खर्च**
- स्टेट नोडल अधिकारी (टीबी) डॉ. विनोद कुमार गर्ग है ।

### देश में सड़क हादसों के लिहाज से राजस्थान 9 वें पायदान पर

- राजस्थान में सबसे ज्यादा सड़क हादसे (40 %) 5 जिलों (जयपुर, जोधपुर, अलवर, अजमेर और उदयपुर) में होते हैं ।
- सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के मुताबिक 2018 से 2021 के बीच देशभर में हुए 17 लाख रोड एक्सीडेंट में 85 हजार राजस्थान में हुए ।
- इन आंकड़ों के मुताबिक राजस्थान सड़क हादसों में देश में नौवें स्थान पर है ।
- और राजस्थान सड़क हादसों में हुई मौतों में देश में चौथे नंबर पर है ।
- देशभर के सड़क हादसों में हुई मौतों में से 6.8% मौतें राजस्थान में होती है ।

### उदयपुर में बर्ड फेस्टिवल का शुभारंभ

- राजस्व मंत्री श्री रामलाल जाट ने 20 जनवरी 2023 को **उदयपुर** के गोल्डन पार्क में विश्वविख्यात तीन दिवसीय "बर्ड फेस्टिवल" का शुभारंभ किया ।

### चित्तौड़गढ़ में "दीदी कैफे" की शुरुआत

- राजस्थान की ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक बेहतरी और सशक्तिकरण की दिशा में एक नवाचार के तहत **चित्तौड़गढ़** जिले में "दीदी कैफे" की शुरुआत की गई है ।

### गिनीज बुक में नाम दर्ज - जयपुर के नवरतन ने बनाया सबसे छोटा चम्मच

- जयपुर के नवरतन प्रजापति ने लकड़ी का सबसे छोटा चम्मच बनाकर गिनीज बुक में नाम दर्ज कराया है ।
- इस चम्मच की लंबाई 2 मिलीमीटर है ।
- पहले यह रिकॉर्ड (4.5 मिमी) तेलंगाना के गौरीशंकर गुम्मडीधला के नाम पर था ।
- सन 2006 में नवरतन प्रजापति छोटी लालटेन बना चुके हैं, जिसमें तीन बूंद केरोसिन डलती थी । यह लालटेन 15 सेकंड जलती थी ।

BIGTEST.IN

## January 2023 Rajasthan Current Affairs

### राजस्थान क्रीड़ा परिषद का अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन ट्रस्ट के साथ एमओयू

- चोटिल खिलाड़ियों के इलाज के लिए राजस्थान क्रीड़ा परिषद द्वारा जयपुर डॉक्टर्स वेलफेयर सोसाइटी के साथ एमओयू किया गया है ।
- इसके तहत चोटग्रस्त खिलाड़ियों को सप्ताह में 3 दिन निःशुल्क परामर्श के साथ फिजियोथेरेपिस्ट की मदद से खिलाड़ियों की रिकवरी की जा रही है ।
- राज्य क्रीड़ा परिषद ने अभिनव बिंद्रा फाउंडेशन ट्रस्ट के साथ एमओयू किया है ।
- इसके तहत खेल के दौरान चोटिल खिलाड़ियों की निःशुल्क सर्जरी की जाएगी ।

### जोधपुर में तैनात स्वदेशी हेलीकॉप्टर "प्रचंड" करेगा कर्तव्यपथ पर नेतृत्व

- गणतंत्र दिवस पर दिल्ली के कर्तव्यपथ पर भारतीय वायु सेना के फ्लाई पास्ट का नेतृत्व पहली बार जोधपुर में तैनात स्वदेशी लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर "प्रचंड" 5 हेलीकॉप्टर को लीड करेगा ।

### जयपुर के विष्णु टाक मैराथन में दौड़कर लहराया परचम

- हाल ही में मुंबई में देश की सबसे बड़ी टाटा मुंबई मैराथन आयोजित की गई ।
- मैराथन में जयपुर के वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर विष्णु टाक ने (50 प्लस age Category में) 42 किलोमीटर की फुल मैराथन को 5 घंटे 17 मिनट में पूरा किया ।

### कुलदीप वर्मा - "राष्ट्रीय युवा पुरस्कार" से सम्मानित

- युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से कर्नाटक के हुबली धारवाड़ में 26 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव के समापन समारोह का आयोजन किया गया ।
- इस समारोह में कुलदीप वर्मा को वर्ष 2019-20 के लिए समुदाय के प्रति उत्कृष्ट सेवाओं के लिए "राष्ट्रीय युवा पुरस्कार" से सम्मानित किया गया ।

## राजस्थान समसामयिकी – 22 जनवरी 2023

### जालौर - 'मेरा विद्यालय, मेरा अभिमान' नवाचार की पहल

- जालोर जिला प्रशासन द्वारा बच्चों की सेहत सुधारने के लिए नवाचार करते हुए 21 जनवरी 2023 को 'मेरा विद्यालय, मेरा अभिमान' कार्यक्रम शुरू किया गया है।
- जालोर के जिला कलेक्टर श्री निशांत जैन है।

### RUHS और दंत विज्ञान महाविद्यालय में सुविधाओं के लिए 91.49 करोड़ की स्वीकृति जारी

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने RUHS और दंत विज्ञान महाविद्यालय, जयपुर में सुविधाओं के विस्तार व चिकित्सकीय उपकरण के लिए **91.49 करोड़** रुपये की स्वीकृति प्रदान की है।
- **आरयूएचएस - राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय**
- जयपुर के दंत विज्ञान महाविद्यालय में 15.55 करोड़ रुपये लागत से 180 छात्राओं के लिए छात्रावास भवन निर्माण होगा।
- तथा 13.39 करोड़ रुपये की लागत से 70 रेजीडेंट के लिए छात्रावास (स्टूडियो अपार्टमेंट) का निर्माण होगा।

BIGTEST.IN

- महाविद्यालय में 17.46 करोड़ रुपये से अस्पताल भवन पर तथा 8.54 करोड़ रुपये लागत से शैक्षणिक भवन पर क्लिनिकल एरिया भी विकसित होगा ।
- आरयूएचएस में 19.55 करोड़ रुपये से मरम्मत के कार्य कराए जाएंगे ।
- तथा 17 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न चिकित्सकीय उपकरण खरीदे जाएंगे।

## राजस्थान समसामयिकी – 24 जनवरी 2023

### उद्योग, अक्षय ऊर्जा और पर्यटन क्षेत्र में 1.36 लाख करोड़ के एमओयू

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने इन्वेस्ट राजस्थान के तहत राज्य में 1.36 लाख करोड़ रुपए के निवेश के लिए 23 जनवरी 2023 को एमओयू किये गये ।
- इस कार्यक्रम में उद्योग, अक्षय उर्जा एवं पर्यटन क्षेत्र से संबंधित 26 परियोजनाओं के लिए निवेश समझौते पर हस्ताक्षर किए गए ।
- भारत सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार 11.04 जीडीपी विकास दर के साथ राजस्थान पूरे देश में दूसरे स्थान पर रहा है ।

### राजस्थान के परमवीर चक्र विजेता शहीदों के नाम पर अंडमान निकोबार के दीपों का नाम

- राजस्थान के परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर सैनिक मेजर शैतान सिंह तथा मेजर पीरू सिंह शेखावत के नाम पर अंडमान निकोबार के दीपों का नाम रखा जाएगा ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 21 परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम पर अंडमान और निकोबार दीप समूह के 21 सबसे बड़े अनाम दीपों का नामकरण किया ।
- नोट - रॉस दीप समूह का नाम बदलकर 2018 में द्वीप की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप के रूप में रखा गया था ।

**महत्वपूर्ण तथ्य -**

### मेजर पीरू सिंह शेखावत

- **जन्म** - 20 मई 1918 को रामपुर बेरी, झुंझुनू में हुआ था ।
- 18 जुलाई 1948 को कश्मीर में पाकिस्तान के कबाईलियों से मुठभेड़ में शहीद हुए मेजर पीरू सिंह शेखावत को 1952 में मरणोपरांत परमवीर चक्र मिला ।

### मेजर शैतान सिंह

- **जन्म** - 1 दिसंबर 1924 को बाणासुर, जोधपुर में हुआ था ।
- 1962 भारत-चीन युद्ध में शहीद हुए मेजर शैतान सिंह को वर्ष 1963 परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया ।

### "परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम" में - जयपुर की 2 छात्राओं का चयन

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम" के छठे संस्करण के लिए जयपुर की दो छात्राओं (11 वीं की छात्रा तनीषा कुमारी और स्वागतिका परिडा) का चयन हुआ है ।
- "परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम" 27 जनवरी 2023 को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होगा ।

BIGTEST.IN

January 2023 Rajasthan Current Affairs

### ऑल इंडिया इंटर स्कूल बैंड कॉम्पिटिशन में - प्रिंस एकेडमी को प्रथम पुरस्कार

- ऑल इंडिया इंटर स्कूल बैंड कॉम्पिटिशन में प्रिंस एकेडमी, सीकर को म्यूजिकल बैंड के दोनों वर्गों को प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया ।
- प्रिंस एकेडमी के म्यूजिकल बैंड को बैंड कॉम्पिटिशन में छात्र और छात्रा दोनों वर्गों में देश में पहला स्थान मिला ।

### एक मिनट में सबसे ज्यादा बार गुरु मंत्र बोलने का रिकॉर्ड

- जयपुर की वान्या सिंह ने एक मिनट में सबसे ज्यादा बार गुरु मंत्र बोलने का रिकॉर्ड बनाकर, इंडिया बुक रिकॉर्ड में नाम दर्ज किया है ।
- इसके अलावा वान्या सिंह ने एक 1 मिनट में सबसे ज्यादा बार जानवरों, फलों, वाहनों, पक्षियों और अन्य कई नाम बोलने का भी रिकॉर्ड बनाया ।
- त्रिवग्या चौधरी ने नागौर में आयोजित राज्य स्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता अंडर - 14 में भाग लेकर 10 मीटर शूटिंग में रजत पदक जीता ।

### नेशनल स्तर पर राइफल शूटिंग में चयनित - त्रिवग्या चौधरी

- और अब त्रिवग्या चौधरी का नेशनल स्तर पर राइफल शूटिंग में चयन हुआ है ।

### उदयपुर में 10 दिवसीय राजीविका सरस राष्ट्रीय क्राफ्ट मेला

- उदयपुर में राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले में 13 राज्यों सहित राजस्थान के सभी जिलों की कुल 120 स्टॉल्स लगाई गई हैं।
- राजीविका सरस राष्ट्रीय क्राफ्ट मेले में महिला सशक्तिकरण थीम पर हुए कार्यक्रम।

## राजस्थान समसामयिकी – 23 जनवरी 2023

### अलवर के केंद्रीय कारागार परिसर में पेट्रोल पम्प - 'आशाएं द फिलिंग स्टेशन' का शिलान्यास

- श्री टीकाराम जूली ने 22 जनवरी 2023 को अलवर के केंद्रीय कारागार परिसर में पेट्रोल पम्प 'आशाएं द फिलिंग स्टेशन' का शिलान्यास किया।
- इस पेट्रोल पम्प का संचालन कारागार के बंदियों द्वारा किया जाएगा।
- उद्देश्य - बंदियों को रोजगार से जोड़ने एवं आमजन को सुविधा उपलब्ध कराने व बंदियों को उनकी योग्यतानुसार रोजगार उपलब्ध होगा।

### 15 वीं राजस्थान विधानसभा का अष्टम सत्र

- 15 वीं राजस्थान विधानसभा का अष्टम सत्र 23 जनवरी 2023 से शुरू होगा।
- राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी है ।
- राजस्थान की 15 वीं विधानसभा का गठन **2018** में हुआ था

### अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीएसएफ द्वारा ऑपरेशन सर्द हवा

- अंतरराष्ट्रीय सीमा पर BSF द्वारा ऑपरेशन सर्द हवा 21 जनवरी 2023 से 28 जनवरी 2023 तक चलाया जा रहा है ।

BIGTEST.IN

**January 2023 Rajasthan Current Affairs**

### भारत और मिस्र के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास (साइक्लोन - 1)

- भारत और मिस्र के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास (साइक्लोन - 1) जैसलमेर में 14 जनवरी 2023 से शुरू हुआ।
- यह युद्धाभ्यास 14 दिन तक चलेगा।

### चुरू जिले के सुजानगढ़ की हरीतिमा ढाणी में बनेगा डेजर्ट पार्क

- 19 जुलाई 2021 को हरीतिमा ढाणी की शुरुआत हुई थी ।
- चूरू के सुजानगढ़ से सटे गांव गोपालपुरा की महिलाओं ने 144 बीघा बंजर जमीन को हरीतिमा ढाणी बना दिया।
- यहां पर गांव की सरपंच सविता राठी व महिलाओं ने श्रमदान कर 5100 पौधे रोपे, तब से पौधारोपण जारी है ।
- और अब तक 15000 पौधे रोपे जा चुके हैं ।
- **राजस्थान टूरिज्म डिपार्टमेंट ने इसे डेजर्ट पार्क की तर्ज पर डवलप करने के लिए 30 लाख बजट की स्वीकृति दी है ।**

### कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन - 27 जनवरी 2023 को

- जवाहर कला केंद्र और सुर संगम संस्थान की सहभागिता में कला एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से 23 जनवरी 2023 को राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा ।
- शास्त्रीय गायन में अक्षय निरंकारी, लोकगीत में कविता आर्य और मीणा गुर्जर तथा सुगम गीत में अरिवल सोनी और ममता कुमारी को राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया है ।
- इस प्रतियोगिता में 10 राज्यों की 66 प्रतिभाएं 3 दिन तक रंगायन ऑडिटोरियम में प्रतिभा का प्रदर्शन करेगी ।

## राजस्थान समसामयिकी – 25 जनवरी 2023

### हाड़ोती क्षेत्र से कृषि महोत्सव का शुभारंभ

- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा जिले में 24 जनवरी 2023 को "कृषि महोत्सव" का शुभारंभ किया गया ।
- **ओम बिरला की पहल** - भारत में हाड़ोती क्षेत्र को हरित, श्वेत और नील क्रांति का अग्रणी केंद्र बनाएंगे ।

### कोटा जिले में रिलायंस जिओ 5 -जी सेवा लॉन्च

- राजस्थान के कोटा जिले में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के द्वारा 24 जनवरी 2023 को रिलायंस जिओ 5G सेवा लॉन्च की गई ।
- इससे पहले राजस्थान के 5 जिलों में राजसमंद, जयपुर, जोधपुर, उदयपुर व बीकानेर में जिओ 5G सेवा लॉन्च हो चुकी है।
- आगामी कुछ महीनों में अजमेर, भीलवाड़ा, अलवर, सीकर और श्रीगंगानगर में भी जिओ 5G सेवा शुरू होगी ।

BIGTEST.IN

# January 2023 Rajasthan Current Affairs

## जयपुर में - IIM उदयपुर एक्सपेरिमेंटल लैब

- राज्य सरकार के सहयोग से जयपुर जिले में "आईआईएम उदयपुर एक्सपेरिमेंटल लैब" स्थापित होगी ।
- यह लैब एचसीएम रिपा, जयपुर में 4000 वर्ग फीट के भवन में स्थापित होंगी ।
- **डेढ करोड रुपए से तैयार होने वाली लैब देश की पहली ऐसी लैब होगी, जहां विशेषज्ञ मानव मस्तिक और शारीरिक क्रिया विज्ञान से संबंधित अध्ययन करेंगे ।**

## IIM उदयपुर Experimental lab का उद्देश्य -

- इस लैब का उद्देश्य लोगों की सोच का पता लगाकर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाना है ।
- राजस्थान सरकार इस समस्या के समाधान के लिए यह एक्सपेरिमेंटल लैब स्थापित करवा रही है, ताकि संबंधित योजना लागू होने के बाद फेल नहीं हो ।
- IIM लैब संचालन **AMS जोधपुर व IIT जोधपुर के** साथ करेगा ।
- जयपुर में IIM उदयपुर एक्सपेरिमेंटल लैब का उद्घाटन आगामी अप्रैल माह तक संभावित है ।

## जोधपुर रोडवेज डिपो प्रबंधन का नवाचार - चाय कॉफी की जगह देसी राबड़ी

- राजस्थान में पहली बार जोधपुर जिले में रोडवेज डिपो प्रबंधन की ओर से एक नवाचार "चाय कॉफी की जगह गर्मा- गर्म देसी राबड़ी" की पहल की गयी है ।

## राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता में बाड़मेर ने जीते 5 मेडल

- राजस्थान में पहली बार राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता में बाड़मेर जिले के 4 घुड़सवारों ने 5 मेडल जीते है ।
- राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता 20 से 22 जनवरी 2023 तक जयपुर में आयोजित हुई ।
- जयपुर में आयोजित राष्ट्रीय घुड़सवारी प्रतियोगिता एंडोरेंस 40 किलोमीटर सीनियर वर्ग में श्रवण सिंह भाटी ने रजत व कांस्य पदक, कंचन राठौड़ ने रजत पदक, रविंद्र सिंह ने कांस्य पदक जीता ।
- और जूनियर वर्ग में युवराज सिंह राठौड़ ने स्वर्ण पदक जीता ।

## 26 जनवरी 2023 - राजस्थान समसामयिकी

## राजस्थान को मिले - 4 "पद्मश्री पुरस्कार"

- पद्मश्री अवार्ड के लिए राजस्थान से चार व्यक्तियों को चुना गया है ।

1. **झुंझुनू** के उद्योगपति राकेश झुन्झुनवाला को मरणोपरांत यह सम्मान मिला ।
2. **जयपुर** के ग़ज़ल गायक उस्ताद अहमद हुसैन व मोहम्मद हुसैन (जोड़ी)को
3. **जयपुर** के समाज सेवा में लक्ष्मण सिंह को
4. **डूंगरपुर** के समाज सेवा में मूलचंद लोढ़ा को

## राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर द्वारा 2022 - 23 "अमृत सम्मान" की घोषणा

- राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर के स्थापना दिवस समारोह 28 जनवरी 2023 को 'अमृत सम्मान' पुरस्कार दिया जाएगा।

BIGTEST.IN

## January 2023 Rajasthan Current Affairs

- राजस्थान के 75 वर्ष से अधिक उम्र के 8 साहित्यकर्मियों को "अमृत सम्मान" पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।

### अमृत सम्मान से सम्मानित 8 साहित्यकार

- जयपुर की - डॉक्टर सुलोचना रांगेय राघव, श्रीमती पुष्पा शरद देवड़ा एवं डॉ कल्याण प्रसाद वर्मा।
- झालावाड़ के - श्री ग्यारसीलाल सेन ।
- बीकानेर के - श्री लक्ष्मीनारायण रंगा, श्री सरल विशारद।
- चूरू के - श्री शिवकुमार शर्मा मधुप ।
- बांसवाड़ा की - श्रीमती भारती भावसार।

### अमृत सम्मान किसे दिया जाता है

- राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर द्वारा अमृत सम्मान हिंदी भाषा,साहित्य,संस्कृति, शिक्षा, साक्षरता, पत्रकारिता आदि की सेवा करने वाले 75 वर्ष से अधिक उम्र के साहित्यकार जिनको इससे पहले अकादमी का कोई भी सम्मान या पुरस्कार प्राप्त नहीं हुआ है दिया जाता है
- इसमें पुरस्कार राशि के रूप में ₹31000 दिए जाते हैं।
- राजस्थान साहित्य अकादमी उदयपुर के अध्यक्ष डॉ दुलाराम सहारण है।

### 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राजकीय 29 अधिकारियों - कर्मचारियों का सम्मान

- राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रदेश में निर्वाचन संबंधी कार्यों में उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए 29 राजकीय अधिकारियों व कर्मचारियों का सम्मान किया।
- 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पांच जिला कलेक्टरों को भी सम्मानित किया गया।
- इनमें कलेक्टर पीयूष समारिया (नागौर), रुक्मणी रियार सियाग (हनुमानगढ़), अरविंद कुमार पोसवाल (चित्तौड़गढ़), अनिल अग्रवाल (धौलपुर) और अंशदीप (अजमेर) से है।
- 13 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस की थीम **"मतदान जैसा कुछ नहीं मतदान जरूर करेंगे हम"** हैं।
- राजस्थान में निर्वाचन साक्षरता क्लबों की संख्या 71000 हो गई है ।
- मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम में 12 लाख से अधिक नए मतदाता जोड़े गए हैं।
- मतदाताओं के नए पंजीकरण ऑनलाइन प्रक्रिया करने में राजस्थान देश में प्रथम है।

### राजस्थान में वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण के लिए वर्ष 2023-24 का 298.57 करोड़ बजट जारी

- राजस्थान में वनों तथा वन्य जीवों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार ने वर्ष 2023-24 के लिए 298.57 करोड़ रुपए खर्च करने का निर्णय लिया है।
- अनुमोदित बजट के अनुसार , कैंपा फंड के नियमों के वन तथा वन्य जीव प्रबंधन एवं उनसे संबंधित आधारभूत संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा ।
- **कम्पन्सेटरी अफोरेस्टेशन फंड मैनेजमेंट एंड प्लानिंग अथॉरिटी ( कैंपा फंड)**
- कैंपा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिखा मेहरा है।

BIGTEST.IN

**January 2023 Rajasthan Current Affairs**

## गणतंत्र दिवस परेड में आकाश मिसाइल सिस्टम प्रदर्शित करेगी - राजस्थान की लेफ्टिनेंट चेतना शर्मा

- गणतंत्र दिवस पर खाटूश्यामजी, सीकर निवासी लेफ्टिनेंट चेतना शर्मा दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय परेड में अकाश मिसाइल सिस्टम प्रदर्शित करेगी ।
- दिल्ली के गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में शामिल होने वाली चेतना शर्मा राजस्थान की एकमात्र महिला सैन्य अधिकारी हैं ।

## राजस्व अधिकारी ऐप से विशेष गिरदावरी

- राजस्थान में रबी फसल पर गिरे पाला, शीतलहर से हुए नुकसान के लिए विशेष गिरदावरी ऑनलाइन "राजस्व अधिकारी ऐप" से होगी।
- गिरदावरी रिपोर्ट पर ही तय होगा मुहावजा राशि में फसल बीमा क्लेम ।

## 27 जनवरी 2023 - राजस्थान समसामयिकी

## राजस्थान में सितंबर माह से 5 जिलों में चलेगी - "वंदे भारत" ट्रेन

- राजस्थान में सितंबर माह से जोधपुर सहित 5 जिलों (जयपुर, अजमेर, उदयपुर और श्रीगंगानगर) से **"वंदे भारत"** (सेमी बुलेट) ट्रेन चलाना प्रस्तावित है।
- जोधपुर में डिपो की मेंटेनेंस सुविधा को अपग्रेड करने के लिए 141.51 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी हुई है।
- जोधपुर में मेंटेनेंस डिपो भगत की कोठी रेलवे स्टेशन पर बनाया जाना प्रस्तावित है ।
- ट्रेनों की मेंटेनेंस सुविधा अपग्रेड करने के लिए डिपो पर करीब 1 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे।
- यह ट्रेन भारत की सबसे तेज दौड़ने वाली ट्रेन है ।

## राजस्थान के पुलिस अधिकारियों को "राष्ट्रपति पुलिस पदक" व "पुलिस पदक" से किया सम्मानित

- केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा गणतंत्र दिवस पर राजस्थान के 2 पुलिस अधिकारियों को "राष्ट्रपति पुलिस पदक" व 16 अधिकारियों - कर्मचारियों को "पुलिस पदक" से सम्मानित किया गया ।
- जयपुर में सीबीआई में नियुक्त एडिशनल एसपी एसएन जाट को "राष्ट्रपति पुलिस मेडल" और डिप्टी एसपी जेएस यादव को "इंडियन पुलिस मेडल" से सम्मानित किया गया ।

## "राष्ट्रपति पुलिस पदक" से सम्मानित 2 अधिकारी

1. जयपुर के पुलिस निरीक्षक भीमसेन शर्मा
2. और हेड कांस्टेबल (सीआईडी) बृजेश कुमार निगम

## "पुलिस पदक" से सम्मानित 16 अधिकारी

1. पुलिस निरीक्षक अशोक गुप्ता
2. पुलिस निरीक्षक राशिद अली
3. आरएसी में कंपनी कमांडर सरवन कुमार
4. एसडीआरएफ में कंपनी कमांडर हरि सिंह
5. आरएसी में प्लाटून कमांडर शिव लाल गुर्जर

BIGTEST.IN

6. उप निरीक्षक कादर खान
7. उपनिरीक्षक कालूराम मीणा
8. सहायक उपनिरीक्षक रामफूल मीणा
9. हेड कांस्टेबल जयपुर सज्ञाद अहमद
10. आठवीं बटालियन आरएसी आईआर गाजीपुर दिल्ली में हेड कांस्टेबल नरपत सिंह
11. हेड कांस्टेबल प्रह्लाद कुमार
12. सीआईडी जयपुर में हेड कांस्टेबल जयसिंह मीणा
13. जयपुर में हेड कांस्टेबल शेर सिंह
14. कांस्टेबल रोहिताश कुमार
15. कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह शेखावत
16. कांस्टेबल जयप्रकाश धीनवा

## राजस्थान समसामयिकी – 28 जनवरी 2023

### देवनारायण जी के जन्मोत्सव पर भीलवाड़ा पहुंचेंगे नरेंद्र मोदी

- भगवान देवनारायण के 1111 प्रकटोत्सव में शामिल होने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जनवरी 2023 (शनिवार) को भीलवाड़ा के मालासेरी (आसींद) के दौरे पर आ रहे हैं ।
- देवनारायण जी की जन्मस्थली पर पहली बार किसी प्रधानमंत्री का आगमन हो रहा है ।

### देवनारायण जयंती पर राजकीय अवकाश की घोषणा

- राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने देवनारायण जयंती पर राजकीय अवकाश (28 जनवरी 2023) की घोषणा की है ।
- भीलवाड़ा के फड़ चित्रकार कल्याण जोशी भी मालासेरी आयेंगे ।
- देवनारायण जी की फड़ पर भारत सरकार द्वारा 1992 में पांच रुपये का डाक टिकट जारी किया गया ।
- देवनारायण पेनोरमा मालासेरी आसीन्द, भीलवाड़ा में 4 करोड़ की लागत से 2018 में बना।

### भगवान देवनारायण जी से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य -

- भगवान देवनारायण जी का जन्म संवत 968 (911 ई.) माघ माह की सप्तमी को मालासेरी डूंगरी में हुआ था।
- देवनारायण जी को भगवान विष्णु का अवतार माना जाता है ।
- भगवान देवनारायण जी का मंदिर गुर्जर समाज का एकमात्र आस्था का स्थल है।
- देवनारायण जी की माता साडू है, जिन्होंने 1111 साल पहले मालासेरी डूंगरी में तपस्या की थी।
- भगवान देवनारायण जी के पिता का नाम सवाई भोज है ।
- देवनारायण जी बगडावत वंश के नाग वंशीय गुर्जर थे ।
- भगवान **देवनारायण जी का मुख्य मंदिर भीलवाड़ा जिले के "आसींद", मालासेरी** में स्थित है।
- इनका विवाह राजा जयसिंह की पुत्री पीपलदे के साथ हुआ था ।
- देवनारायण जी के बचपन का नाम उदयसिंह था
- देवनारायणजी की फड़ सबसे प्राचीन एवं सबसे लम्बी चित्रित फड़ है।

BIGTEST.IN

- इनकी फड़ का वाचन जन्तर वाद्ययंत्र के साथ गुर्जर भोपे करते हैं।
- भगवान देवनारायण जी की फड़ में उनके जीवन से जुड़े हुए 40 परवाडे (एपिसोड ) हैं।
- इसमें करीब 2 हजार से ज्यादा चित्र हैं।

### देवनारायण जी की फड़ को दो भागों में बांटा गया है -

- पहले भाग में देवनारायण के पूर्वज 24 बगड़ावतों की कहानी है।
- दूसरे भाग में भगवान देवनारायण से जुड़ी हुई कहानियां हैं।
- मध्ययुगीन लोक देवता देवनारायण के भक्त चोचू भाट ने सबसे पहले उनकी फड़ पेंटिंग बनाई ।

### जोड़बीड़ बीकानेर में पशुओं के लिए 800 हेक्टेयर का एन्क्लोजर

- स्वस्थ पशुओं को रखने की योजना के लिए - वन्य जीवों को आश्रय के लिए जोड़बीड़ गाढवाला कंजरवेशन रिजर्व क्षेत्र में 800 हेक्टेयर का एन्क्लोजर बनाया जाएगा।
- वन विभाग ने संभाग के चारों जिलों बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू के वन्य जीवों, खासकर हिरणों का आश्रय स्थल जोड़बीड़ में विकसित करने की योजना बनाई है।
- इसमें 800 हेक्टेयर का एन्क्लोजर होगा जिसकी परिधि 11.82 किमी होगी। वन्य जीवों को सुरक्षित रखने के लिए 1.60 किमी दीवार और 10.22 किमी चेन लिंक फेंसिंग की जाएगी।
- इस आश्रय स्थल पर संभाग के चारों जिलों के वन्य जीवों को पुनर्स्थापित करने की योजना है।

### वैपन कैटेगरी में 'सम्राट महर्षि' सम्मानित

- नोएडा में मार्शल आर्ट वर्ल्ड कप प्रतियोगिता 20 से 23 जनवरी 2023 तक आयोजित की गई ।
- इस प्रतियोगिता में जयपुर के सम्राट महर्षि को वैपन केटेगरी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया ।

## राजस्थान समसामयिकी – 29 जनवरी 2023

### मरू महोत्सव 2023 का आयोजन

- जैसलमेर जिले में "मरू महोत्सव" का आयोजन 3 से 5 फरवरी 2023 को किया जाएगा ।

### अन्य महत्वपूर्ण तथ्य -

- बीकानेर जिले में 13 से 15 जनवरी 2023 तक "29 वां ऊंट महोत्सव" का आयोजन किया गया ।
- 12 से 14 जनवरी 2023 तक "भीलवाड़ा महोत्सव" का आयोजन किया गया ।

### जयपुर की तृप्ति को इंडिया यूके अचीवर्स अवार्ड

- लंदन के वेस्टमिंस्टर संसद भवन में गणतंत्र दिवस पर जयपुर की तृप्ति महेश्वरी को "इंडिया यूके अचीवर्स अवार्ड" से सम्मानित किया गया ।
- तृप्ति ने 2017 में स्टूडेंट सर्कस कंपनी की शुरुआत की थी ।

### किसानों के कर्ज में राजस्थान देश में सातवें स्थान पर

- एक रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान के हर किसान परिवार पर औसतन 1.13 लाख का कर्ज है, और किसानों के कर्ज में राजस्थान देश में 7 वें स्थान पर है ।

BIGTEST.IN

**January 2023 Rajasthan Current Affairs**

- देश में राजस्थान 12520 ₹ मासिक आय के साथ किसान परिवारों की औसत मासिक आय में 13 वें स्थान पर है ।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए नर्सिंग ऑफिसर विनीता शेखावत का सम्मान

- मुख्यमंत्री के एआईएचएमएस प्रोग्राम में सभी नर्सेज को ऑनलाइन कार्य सिखाने एवं सौ पर्सेंट जनाना अस्पताल में ऑनलाइन कार्य नर्सिंग क्षेत्र नर्सिंग में कराने के लिए नर्सिंग ऑफिसर विनीता शेखावत को राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया ।
- वूमेन वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की प्रदेश अध्यक्ष विनीता शेखावत विश्व महामारी की दोनों लहर में उत्कृष्ट कार्य के लिए पहले भी राज्य स्तर पर सम्मानित हो चुके हैं।

## अलवर के दो बहादुर सैनिकों को शौर्य चक्र से सम्मानित करने की घोषणा

- **26 जनवरी 2023 को राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू** ने अलवर जिले के फ्लाइट लेफ्टिनेंट तेजपाल यादव और CRPF में असिस्टेंट कमांडेंट सत्येंद्र यादव को शौर्य चक्र से सम्मानित करने की घोषणा की है ।

## फ्लाइट लेफ्टिनेंट तेजपाल यादव

- फ्लाइट लेफ्टिनेंट तेजपाल यादव अलवर जिले के बहरोड़ के गांव रैवाणा के रहने वाले हैं ।
- लेफ्टिनेंट तेजपाल यादव ने झारखंड के देवघर में त्रिकूट हिल्स रोपवे हादसे में 35 लोगों की जान बचाई थी । इसलिए इन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित किया जाएगा ।
- तेजपाल यादव भारतीय वायु सेना की स्पेशल पॉज गरुड़ टीम का हिस्सा है ।

## असिस्टेंट कमांडेंट सत्येंद्र यादव

- असिस्टेंट कमांडेंट सत्येंद्र यादव अलवर जिले के मुंडावर उपखंड के गांव भिखावास के रहने वाले हैं ।
- CRPF में असिस्टेंट कमांडेंट सत्येंद्र यादव ने मलूरा के एक घर में घुसकर दो आतंकियों को मार गिराया और गोली लगने के बाद भी परिवार का रेस्क्यू किया । इसीलिए इन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित किया जाएगा ।

## राजस्थान समसामयिकी – 30 जनवरी 2023

## जोधपुर इंटरनेशनल एक्सपो 2023

- **20 से 22 मार्च 2023** तक जोधपुर इंटरनेशनल एक्सपो का आयोजन किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत के अनुरूप राजस्थान में औद्योगिक विकास को विश्वपटल पर नई ऊंचाइयां देने के उद्देश्य से आगामी मार्च तक जोधपुर के ईपीसीएच सेंटर बोरानाड़ा औद्योगिक क्षेत्र में अन्तरराष्ट्रीय व्यापार मेला आयोजित किया जाएगा।
- एक्सपो में जोधपुर से निर्यात होने वाले प्रमुख उत्पाद फर्नीचर के साथ ही कृषि एवं विभिन्न प्रकार के प्रसंस्करण उद्योगों, इंजीनियरिंग उत्पाद, स्टील आदि का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

## नीलकंठ बॉयोडायवर्स फॉरेस्ट व खान भांकरी ईको पार्क का विकास

- राजस्थान के **दौसा जिले** में नीलकंठ बॉयोडायवर्स फॉरेस्ट और खान भांकरी ईको पार्क का विकास होगा।

BIGTEST.IN

January 2023 Rajasthan Current Affairs

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने नीलकंठ बॉयोडायवर्स फॉरेस्ट और खान भांकरी ईको पार्क के लिए 3 करोड़ रुपये (1.5-1.5 करोड़ रुपये) की वित्तीय स्वीकृति दी है।

**नोट -**

- मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने राज्य बजट 2022-23 में राजस्थान विकास में पर्यटन के लिए प्रत्येक जिले में 2-2 पर्यटक स्थलों को चिन्हित कर जन सुविधा संबंधी कार्य कराए जाने की घोषणा की थी।

## राष्ट्रीय मसाला बिजनेस मीट 2023 का उद्घाटन

- **जयपुर** में दो दिवसीय राष्ट्रीय मसाला बिजनेस मीट 2023 का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया ।
- जयपुर की एक रिसोर्ट में राजस्थान एसोसिएशन ऑफ स्पाइसेज के द्वारा **28 से 30 जनवरी 2023** तक राष्ट्रीय मसाला बिजनेस मीट 2023 का आयोजन किया गया ।

## सरिस्का में भालुओं को लाने की मिली अनुमति

- सरिस्का बाघ परियोजना में बाघों के साथ अब भालुओं को लाने की पहल शुरू की गई है ।
- भारत व राज्य सरकार से नर व मादा भालुओं को सरिस्का में शिफ्ट करने की **अनुमति** मिल गई है ।

## शिक्षा मंत्रालय की ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन 2020-21 रिपोर्ट

- शिक्षा मंत्रालय की ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन 2020-21 रिपोर्ट के अनुसार विश्वविद्यालयों की संख्या में राजस्थान देश में नंबर 1 पर है ।
- राजस्थान में 52 निजी यूनिवर्सिटी के साथ कुल 92 विश्वविद्यालय है।
- जयपुर जिला देश में 671 कॉलेजों के साथ नंबर 2 पर है ।
- सीकर जिला देश में 308 कॉलेजों के साथ नंबर 10 पर है ।
- 1058 कॉलेजों के साथ बेंगलुरु अर्बन जिला नंबर 1 पर है।
- शिक्षा मंत्रालय की ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन 2020-21 रिपोर्ट के अनुसार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भारत में पहली बार विद्यार्थियों के नामांकन की संख्या 4.14 करोड़ हो गई है ।

## राजस्थान समसामयिकी – 31 जनवरी 2023

## IGNP में कोलायत लिफ्ट रिलाइनिंग के लिए 123.15 करोड़ की स्वीकृति

- राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2022 - 23 के बजट के अनुसार इंदिरा गांधी नहर परियोजना (IGNP) में कोलायत लिफ्ट रिलाइनिंग के लिए 123.15 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी की गई है।
- आगामी सप्ताह में कोलायत लिफ्ट रिलाइनिंग पर काम प्रारंभ हो जाएगा।
- जल संसाधन मंत्री श्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीय है ।

BIGTEST.IN

## January 2023 Rajasthan Current Affairs

### सर्वे रिपोर्ट 2019-21 के अनुसार राजस्थान में बाल विवाह के ग्राफ में 40% कमी

- 5 वीं राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे (NFHS - 5) रिपोर्ट 2019-21 के आंकड़ों के मुताबिक राजस्थान में बाल विवाह के ग्राफ में 40% कमी हुई है ।
- बाल विवाह के आंकड़ों में वर्ष 2015-16 की तुलना में वर्ष 2019- 21 के दौरान 11 % कमी आई है।
- NFHS-5 (वर्ष 2019-21 ) के अनुसार, 20-24 वर्ष के आयु वर्ग की 24 प्रतिशत महिलाओं की शादी 18 वर्ष की आयु से पहले हुई, जो यह NFHS-4 (2015-16) के आंकड़ों से 11 % कम है।
- NFHS- 3 (वर्ष 2005-06) की अवधि में 41 प्रतिशत बाल विवाह दर्ज हुए थे।
- बाल विवाह के आंकड़े राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की रिपोर्ट पर आधारित हैं।
- **NFHS की full form - National Family Health Survey.**
- **NFHS की full form in hindi - राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण**

### द्वितीय विश्व युद्ध के सिपाही बोयतराम डूडी का निधन

- द्वितीय विश्वयुद्ध में भाग लेने वाले सिपाही झुंझुनू निवासी बोयतराम डूडी का 100 साल की उम्र में 30 जनवरी 2023 को निधन हो गया ।
- और इनका पैतृक गांव भोड़की है ।
- बोयतराम डूडी को द्वितीय विश्वयुद्ध में बहादुरी के लिए 4 सेना मेडल मिले थे ।
- सन 1957 में फौज में सिपाही बोयतराम रिटायर हुए थे ।
- वह सेवानिवृत्त सैनिक के रूप में सबसे अधिक समय (66 साल) तक पेंशन लेने वाले सैनिक थे ।

### 10 हजार मेगावाट के अल्ट्रा मेगा अक्षय ऊर्जा पार्क का विकास

- राजस्थान में RRECL और THDCL ने मिलकर पश्चिमी राजस्थान में 10 हजार मेगावाट के अल्ट्रा मेगा अक्षय ऊर्जा पार्क विकसित करने के लिए 30 जनवरी को ज्वाइंट वेंचर कंपनी शेयर होल्डिंग एग्रीमेंट पर **एमओयू** किया है ।
- इस पार्क में सोलर विंड व हाइड्रो एनर्जी के बड़े एनर्जी पार्क बनाए जाएंगे ।
- इस पार्क पर करीब 40 हजार करोड़ का निवेश होगा ।
- और 10 हजार लोगों को रोजगार भी मिलेगा ।
- अक्षय ऊर्जा निगम के प्रबंध निदेशक अनिल ढाका है ।

BIGTEST.IN

Bigtest.in
Rajasthan Gk | Hindi | Online Test | Psychology

# January 2023 Rajasthan Current Affairs

**Important Links**

[Rajasthan Daily Current Affairs]

[Rajasthan Latest Job Alert]

[Science More Important Topics you can click here]

[Hindi More Important Topics you can read here]

[Rajasthan GK More Important Topics click here]

[Psychology More Important Topics you can read here]

BIGTEST.IN